(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

श्वेता तिवारी की ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 22 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 34 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# यूपी चुनाव के लिए राहुल–प्रियंका ने जारी किया भर्ती विधान

## कहा– युवाओं से बातचीत कर तैयार किया मेनिफेस्टो, 20 लाख लोगों को देंगे नौकरी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर युवाओं का घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस ने इस घोषणापत्र को श्भर्ती विधानश नाम दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि रोजगार हम आपको कैसे और किस प्रकार से दिलाएंगे, यह सब हमने इस मेनिफेस्टो में लिखा है। इस मेनिफेस्टो को बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के युवाओं के साथ बात की है और जो उनके विचार है वह हमने इस मेनिफेस्टो में डाले हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में हर 24 घंटे में लगभग 880 युवा रोजगार खोते हैं। भाजपा के पिछले 5 सालों के शासन में लगभग 16 लाख युवाओं ने रोजगार खोया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम आपको हर साल 2 करोड़ रोजगार देंगे। सच्चाई सबको दिख रही है। ऐसा क्यों हो रहा है। क्योंकि देश का पूरा धन 2–3 बड़े उद्योगपतियों के हाथों में दिया जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में चुनाव नहीं होते हैं। हमने उसके विषय में भी पूरा खांका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 7 करोड़ युवाओं की आंकाक्षाओं का यह दस्तावेज है। इसमें 20 लाख सरकारी नौकरियां आरक्षण प्रावधानों का पालन करते हुए दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में 1.5 लाख शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। माध्यमिक विद्यालय में 38 हजार और उच्च शिक्षा में 8 हजार पद खाली हैं, जिन्हें भरा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि डॉक्टरों, पुलिस विभाग, आंगनवाड़ी महिलाओं और





सहायक महिलाओं के खाली पदों को भरा जाएगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि संस्कृत के शिक्षक, उर्दू के शिक्षक, आंगनबाड़ी, आशा आदि में खाली सभी पदों को भरा जाएगा। भर्ती प्रक्रिया में नौजवानों का जो भरोसा टूटा है, उसे बहाल करने के लिए सभी परीक्षाओं के फॉर्म के लिए शुल्क माफ होंगे और बस, ट्रेन यात्रा फ्री होगी। उन्होंने कहा कि एक परीक्षा कैलेंडर जारी होगा, जिसमें भर्ती विज्ञापन, परीक्षा, नियुक्ति की तारीखें दर्ज होंगी और इसका उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरक्षण के घोटाले को रोकने के लिए हर भर्ती के लए सामाजिक न्याय पर्यवेक्षक होंगे। शिक्षा बजट बढ़ाएंगेः उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा का बजट कम किया है। हमारी सरकार आएगी तो ये बजट बढ़ाया जाएगा और सभी कॉलेज व विश्वविद्यालयों को अपग्रेड किया जाएगा। अच्छी शिक्षा भविष्य निर्माण के लिए सबसे जरूरी है। प्रियंका गांधी ने कहा कि एक परीक्षा कैलेंडर जारी होगा, जिसमें भर्ती विज्ञापन, परीक्षा, नियुक्ति की तारीखें दर्ज होंगी और इसका उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरक्षण के घोटाले को रोकने के लिए हर भर्ती के लिए सामाजिक न्याय पर्यवेक्षक होंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। मल्लाहों और निषादों के लिए विश्वस्तरीय संस्थान बनाया जाएगा जिसमें उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। अति पिछड़े समुदाय के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 1 फीसदी ब्याज की दर से कर्ज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नशे के जाल से निकालने के लिए एक सेंटर खोला जाएगा जो युवाओं की काउंसिलिंग करेगा। इसके अलावा सांस्कृतिक क्षेत्र में युवाओं को बढ़ावा दिया जाए। हम आपके भविष्य की ठोस बात करना चाहते हैं। हम सकारात्मक बातें करेंगेः प्रियंका गांधी ने कहा कि आज चुनाव में जाति पर आधारित और सांप्रदायिक प्रचार किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि सकारात्मक बातें हों और आपके भविष्य की बातें हों ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो सके। भारत को नए विजन की जरूरतः पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि हमारा यकीन है कि भारत को एक नए विजन की जरूरत है। 2014 में भाजपा ने जो विजन पेश किया है वह पूरी तरह से फेल हो चुका है। आज भाजपा के ही लोग कह रहे हैं कि कहीं कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से शुरुआत कर रहे हैं। अगर उत्तर प्रदेश को नया विजन नहीं दिया गया तो पूरे देश को नया विजन नहीं दिया जा सकता है।

## भाजपा में शामिल होने के बाद अपर्णा ने मुलायम सिंह का लिया आशीर्वाद, लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत



झंगहा। शिक्षा हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे माता–पिता हमें घर पर ही बहुत सी चीजें सिखाते हैं। बाद में स्कूल भेजते हैं। हमारा घर ही हमारा पहला शैक्षणिक संस्थान है, जहां हम दूसरों के साथ व्यवहार करना और अन्य कौशल सीखते हैं। व्यावहारिक जीवन में सफल होने के लिए स्कूल की शिक्षा बहुत आवश्यक है। स्कूली शिक्षा के माध्यम से ही, हम व्यक्तित्व, मानसिक कुशलता, नैतिक और शारीरिक शक्ति का विकास करना सीखते हैं। बिना उचित शिक्षा के एक व्यक्ति अपने जीवन के सभी शैक्षिक लाभों से वंचित रह जाता है। शिक्षा निजी और पेशेवर जीवन में सफलता की इकलौती कुंजी है। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है। यह सीखने की निरंतर, धीमी और सुरक्षित प्रक्रिया है, जो हमें ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है। यह प्रक्रिया जन्म के साथ शुरू होती है और हमारे जीवन के साथ ही खत्म होती है।उक्त विचार रामचंद्र यादव इण्टर कालेज राजधानी परिसर में आयोजित वर्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सपा के जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें न केवल इतिहास, विज्ञान, गणित, भूगोल और अन्य विषयों को सीखने योग्य बनाती हैं साथ ही यह बताती है कि जीवन में बुरी स्थितियों को कैसे संभाला जाये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि व सपा के जिला सचिव व पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दयानंद विद्रोही ने कहा की शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने के लिए ही नहीं होती। शिक्षा से लोगों को तरह–तरह का ज्ञान होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामउग्रह यादव ने कहा की अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है। आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रबंधक छत्रधारी यादव ने कहा की बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के कार्यक्रम का संचालन डा. शम्भू निषाद व मजीबुलाह राही ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तृत किया। कार्यक्रम में शास्त्री इण्टर कलेज के प्रबंधक मणिदेव मल्ल व प्रधानाचार्य रघुवंश यादव, श्री नेहरू इण्टर कलेज अमहिया के प्रधानाचार्य रामचंद्र मिश्र, पुरु षोत्तम त्रिपाठी, यामा मल्ल महाविद्यालय के प्रबंधक भगत सिंह, स्वालंबी इण्टर कलेज विशुनपुर के शिक्षक राममिलन, चूड़ामणि शाही, राम दवन यादव ,जय प्रकाश यादव, सपा जिला सचिव अशोक यादव सहित क्षेत्र की जनता उपस्थित थी।

## पीएम मोदी को कौन दे सकता है काटे की टक्कर ? इस नेता को जनता का मिला सबसे ज्यादा समर्थन

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में अगर आज मतदान हो तो देश का मूड क्या है ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कौन टक्कर दे सकता है ? इस तरह के सवाल के साथ इंडिया टुडे–सी वोटर का सर्वे सामने आया है। जिसमें मूड ऑफ द नेशन को समझा गया है। सी वोटर के सर्वे में विपक्ष के चेहरे को जानने की कोशिश की गई। जिसमें हैरान कर देने वाले आंकड़े सामने आए। विपक्षी चेहरा कौन ?: सर्वे के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी को टक्कर देने वाले नेताओं में पहली पसंद के तौर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 17 फीसदी लोगों ने चुना। जबकि 16 फीसदी लोगों का मानना है कि अरविंद केजरीवाल विपक्ष की भूमिका निभा सकते हैं। वहीं



11 फीसदी लोगों के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तीसरे स्थान पर दिखाई दिए। पीएम मोदी का उत्तराधिकारी कौन ?: इसके अलावा सर्वे में यह भी जानने की कोशिश की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराधिकारी कौन होगा। इसके आंकड़े भी बेहद दिलचस्प रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद इस पद पर जनता ने मौजूदा गृह मंत्री अमित शाह को अपनी पहली पसंद बताया। अमित शाह को 24 फीसदी लोगों का साथ मिला। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें 23 फीसदी लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी माना। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रीय राजनीति में अपने कदम जमाने की कोशिशें कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा नजरअंदाज किए गए नेताओं को अपने पाले में मिलाने की कोशिश की। इतना ही नहीं वो इस बार गोवा के विधानसभा चुनाव में भी किस्मत आजमा रही हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को अपना समर्थन देने की बात कही। उनकी पार्टी ने साफ कर दिया कि वह उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

## साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने शराब पर दिया अजीब बयान, दिग्विजय सिंह ने कसा तंज

भोपाल। राजधानी भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। मध्य प्रदेश सरकार नई आबकारी नीति लेकर आई है जो 1 अप्रैल 2022 से लागू होगी। बता दें कि नई नीति लागू होने के बाद प्रदेश में शराब सस्ती हो जाएगी। इस पर सांसद साध्वी प्रज्ञा ने शराब को लेकर अजीबोगरीब बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि शराब कम मात्रा में लेने से औषधि की तरह काम करती है। जिसपर दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। दरअसल जब पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से पूछा गया कि साध्वी प्रज्ञा कह रही है कि शराब एक औषधि की तरह काम करती है, तब उन्होंने कहा कि अगर औषधि है तो पिया करें। साध्वी प्रज्ञा सिंह के इस बयान पर अब आम जनता भी अपनी प्रतिक्रया दे रही है। एक यूजर ने कहा कि साध्वी जी का शुक्रिया, मतलब कम मात्रा में लेने से हिंदुत्व खतरे में भी नही आएगा और देशभक्ति भी बनी रहेगी। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि मोदी जी इसे फिर माफ नहीं कर पाएंगे क्योंकि ये सुनकर गुजरात वाले भी औषधि की मांग करे सकते हैं। वहीं सोशल मीडिया पर और जमीन पर कई लोग साध्वी प्रज्ञा सिंह के बयान का समर्थन भी करते नजर आए। उनका कहना है कि आयुर्वेद में पहले से ही शराब को औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। आपको बता दें कि साध्वी प्रज्ञा सिंह ने कहा है कि शराब सस्ती हो या महंगी हो, शराब औषधि का काम करती है।

## गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के चलते भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश करने पर रहेगी रोक



नोएडा (उप्र)। दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए रविवार को पूर्वाभ्यास होगा, जिसके मद्देनजर शनिवार रात 10 बजे से लेकर रविवार दोपहर एक बजे तक भारी वाहनों के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा से राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने पर रोक रहेगी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने शुक्रवार को जारी परामर्श में यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) गणेश पी शाहा ने बताया कि दिल्ली में राजपथ पर परेड के पूर्वाभ्यास के मद्देनजर यातायात मार्ग में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की तरफ से जारी परामर्श के तहत शनिवार रात 10 बजे से रविवार दोपहर एक बजे तक दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसी तरह 25 जनवरी की रात 10 बजे से 26 जनवरी को दोपहर एक बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश राष्ट्रीय राजधानी में वर्जित रहेगा। उन्होंने बताया कि हल्के वाहन पूर्व की भांति गंतव्य को जा सकेंगे।

## उमा भारती फिर खोला अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा, कहा– शराबबंदी होकर रहेगी

भोपाल। मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल से नई शराब निति लागू हो जाएगी जिसके तहत शराब 20 प्रतिशत तक सस्ती होगी। सूबे की शिवराज सरकार की नई शराब निति का विरोध कांग्रेस ने शुरू कर दिया है। इंदौर में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की खोज में निकल गई है। इस विरोध के चलते इंदौर में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के गायब होने के पोस्टर लगा दिए। कांग्रेस के मुताबिक शराब



बंदी की घोषणा कर उमा भारती गायब हो गई है। वहीं शिवराज सरकार ने घर घर शराब दुकान खोलने की नई निति बनाकर प्रदेश को शराब के नशे में झोंक दिया है। इस पोस्टर के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का जवाब सामने आया है। उमा भारती ने अपने गंगा अभियान में संलग्न होने की बात कही। और कहा कि चूँकि वे इस अभियान में संलग्न थी। और इसी कारण मध्य प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी और नशाबंदी अभियान प्रारम्भ करने में उन्हें कठिनाई हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी की जरूरत होती है पर कोरोना के नए वेरिएंट के चलते अभी यह संभव नहीं हो सकता। इसके अलावा अभियान कि सफलता के लिए राजनीतिक निरपेक्ष लोगों की भागीदारी की भी जरूरत होती है। आपको बता दें कि ट्वीट के माध्यम से उमा भारती ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका शराबबंदी, नशाबंदी अभियान सरकार के खिलाफ नहीं है बल्कि शराब और नशे के खिलाफ है, पर इस बात को समझा पाना आसान नहीं होगा। और इसलिए अभियान के प्रारम्भ से अंत तक वे पूरी तरह सजग और संलग्न रहेंगी।





## प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में अशोक गहलोत बोले– देश में तनाव और हिंसा का माहौल है

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मने शांति सद्भाव पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को एक बार फिर कहा कि देश में तनाव और हिंसा का माहौल है। उन्होंने कहा कि सत्य–अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज और देश आगे बढ़ सकता है। गहलोत माउंट आबू स्थित ब्रह्म कुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित 'आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' कार्यक्रम के शुरुआत समारोह को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शरीक हुए थे। गहलोत ने कहा, ' हम चाहते हैं कि देश में शांति–सद्भाव– भाईचारा उत्पन्न हो, मजबूत हो, जिसकी आज सबसे बड़ी आवश्यकता भी है क्योंकि थोड़ा देखने में आ रहा है कि देश के अंदर तनाव का, हिंसा का माहौल है। उससे छुटकारा मिले, यह आपकी– हमारी, हम सबकी इच्छा है।' उन्होंने कहा, ' मैं समझता हूं कि सत्य–अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को और इस देश को आगे बढ़ा सकते हैं। जहां शांति होगी, वहां विकास होगा। इसलिए,





शांति–सद्भाव– भाईचारा–सत्य–अहिंसा हमारे मूल मंत्र हैं, मुझे लगता है कि इन्हें मजबूत करने का काम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का परिवार बहुत अच्छे ढंग से निभा सकता है, यह मेरा विश्वास है।'' उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ी को सत्य–अहिंसा–भाईचारा–सद्भावना के माहौल में शिक्षित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''75 साल में हम लोग इस देश को कहां से कहां ले आए हैं और प्रधानमंत्री मोदी जब दुनिया के मुल्कों में जाते हैं , तब इस देश को मान–सम्मान मिलता है क्योंकि देश ने 75 साल विज्ञान व तकनीकी सहित हर क्षेत्र में तरक्की की है।'' गहलोत ने कहा, ''प्राचीन काल से ही हमारे यहां वसुधैव कुटुंबकम की बात की गई है। हमारे ऋषि–मुनियों ने, हमारे पूर्वजों ने, प्राचीन काल से ही वसुधैव कुटुंबकम, पूरा विश्व हमारा कुटुंब है सिखाया है। ऐसी भावना रखने वाला देश है हमारा हिन्दुस्तान और हमें इसपर बहुत गर्व महसूस होता है कि हमारे संस्कार–संस्कृति–परंपराएं महान हैं।'' वहीं भाजपा की राजस्थान इकाई ने इस वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गहलोत के भाषण एक हिस्से को 'सोच का फर्क है' शीर्ष से ट्वीट किया है। इस क्लिप में गहलोत देश में हिंसा और तनाव के माहौल की बात कर रहे हैं वहीं प्रधानमंत्री मोदी देश में भेदभाव मुक्त व्यवस्था, सामाजिक न्याय और नए विचार व दृष्टिकोण के बारे में बोल रहे हैं। भाजपा ने लिखा है, ''एक तरफ कांग्रेस की नफरत वाली सोच है, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच है।'' वहीं मुख्यमंत्री गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने भाजपा के वीडियो के जवाब में लिखा है, ''1.39 मिनट के तुलनात्मक वीडियो में मुख्यमंत्री की 26 सेकेंड की क्लिप लेकर सोच की तुलना करना किस प्रकार की सोच है? मुख्यमंत्री ने वसुधैव कुटुंबकम की बात की है, उनकी सोच है देश में शांति–सद्भाव–भाईचारा मजबूत हो जिसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है.. आग्रह है ऐसा दुष्प्रचार न करें व इसे पूरा सुनें।

# शत–प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रयास करें अधिकारी: डीएम

बहराइच। जनपद में टीकाकरण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करने के उद्देश्य से टीकाकरण से वंचित लोगों तथा द्वितीय डोज से छूटे हुए लोगों तथा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लक्षित 02 लाख 44 हजार 615 किशोर व किशोरियों के शत–प्रतिशत टीकाकरण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों की सूची तैयार कर द्वितीय डोज से वंचित तथा छूटे हुए लोगों का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराया जाय।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिन राज श्रीवास्तव व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ए.के. गौतम को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों की सूची तैयार कर टीकाकरण कार्य का सत्यापन करें तथा द्वितीय डोज से वंचित व छूटे हुए लोगों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करायें। इसी प्रकार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार को निर्देश दिया कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लक्षित 02 लाख 44 हजार 615 किशोर व किशोरियों के शत–प्रतिशत टीकाकरण के लिए परिषदीय विद्यालयों से 14 वर्ष की आयु के उत्तीर्ण होने वाले छात्र–छात्राओं की सूची तैयार कर लक्षित किशोर–किशोरियों के टीकाकरण में सहयोग प्रदान करें ताकि शीघ्र से शीघ्र सभी किशोर–किशोरियों का टीकाकरण कराया जा सके। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लक्ष्य से कम टीकाकरण प्रतिशत वाले ब्लाकों में विशेष प्रयास कर टीकाकरण की प्रगति में सुधार लायें। डीएम डॉ. चन्द्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि टीकाकरण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डीसी मनरेगा के.डी. गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पी.सी.एस. अमन देओल, जिलापूर्ति अधिकारी अननन्त प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जी.डी. यादव, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, एसीएमओ डा. जयन्त कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# गुण्डा एक्ट के तहत 9 अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

बहराइच। जनपद में आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने तथा विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 09 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 05 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख को आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम बधौली नि. जाहिद, जाकिर व साबिर पुत्रगण साबिर, थाना हरदी के ग्राम सिंगिया नसीरपुर नि. मोबीन पुत्र रमजान व मजलूम हुसैन पुत्र हमीद, थाना दरगाह शरीफ के मो. मंसूरगंज नि. ननके पुत्र खादिम, थाना फखरपुर के ग्राम खल्तापुर दा. खालिदपुर नि. कृपाल पुत्र नन्दलाल, ग्राम इन्दूर नि. रामचन्दर उर्फ लूले यादव पुत्र जोगी यादव व पेशकार पुत्र बाबूराम यादव को 06 माह के जिला बदर किया गया है।

इसके अलावा थाना रूपईडीहा अन्तर्गत ग्राम गुलमागांव दा. बसन्तपुर ऊदल नि. धर्मवीर पुत्र रमाशंकर वर्मा व ग्राम अधीनगांव दा. बसन्तपुर ऊदल नि. सुभान अली उर्फ तिवारी पुत्र फत्ते अली, थाना रिसिया के कटिलिया भूप सिंह नि. बब्बन पुत्र मोल्हे व थाना मोतीपुर के ग्राम मटेहीकलां नि. बाबू उर्फ सगीर व इद्रीश पुत्रगण बशीर को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख को माह में 02 बार उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक की मौत,एक घायल

करनैलगंज,गोंडा। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस चौकी बालपुर अंतर्गत लखनऊ–गोंडा मार्ग पर दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बालपुर पुलिस चौकी के निकट दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में ग्राम पतिसा निवासी 20 वर्षीय समीर की मौत हो गयी जबकि अंकित पुत्र कृपाराम निवासी पड़रिया, मर्दन सिंह पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्वीप के लिए सीडीओ तथा कम्युनिकेशन प्लान के लिए सीआरओ होंगे प्रभारी अधिकारी

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। कम्यूनिकेशन प्लान एवं निर्वाचन प्लान के लिए सी.आर.ओ. व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह को प्रभारी तथा अपर सांख्यकीय अधि. सुनील सिंह, वरि. मत्स्य निरीक्षक गणेश प्रसाद, समन्वयक भवन निर्माण बेसिक शिक्षा राकेश सिह को सहा.प्र.अधि., स्वीप गतिविधियों के लिए सी.डी.ओ. व डी.आई.ओ.एस. को प्रभारी तथा बी.एस.ए, डी.पी.ओ., राहत जनता इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीनबन्धु शुक्ला व ए.आर.पी. जि.परि.कार्या. समग्र शिक्षा शिक्षा मनोज कुमार को सहा.प्र.अधि. की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

इसी प्रकार क्रिटीकलध वल्नरेबुल पोलिंग सटेशन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व नगर मजिस्ट्रेट को प्रभारी तथा सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के ई.आर.ओ. एवं इ.ई.आर.ओ. को सहा.प्र.अधि., दिव्यांग कल्याण प्रकोष्ठ के लिए जिला दिव्यांगजन स्शक्तीकरण अधिकारी ए.के. गौतम को प्रभारी तथा सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सहा.प्र.अधि. नामित किया गया है। शिकायत सेल व कन्ट्रोल रूमधनिर्वाचन व्यय नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था के लिए सी.आर.ओ. व डी.पी.आर.ओ. उमाकान्त पाण्डेय को प्रभारी तथा डी.पी.एम. सुनील कुमार चौरसिया, अपर डी.पी.आर.ओ. रामशंकर वर्मा, अपर सांख्यकीय अधि. कामता प्रसाद तथा समस्त तहसीलों में स्थापित कन्ट्रोल रूम के प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सहा.प्र.अधि. नियुक्त किया गया है।

डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर (काल सेन्टर) सी–विजिल के लिए सी.आर.ओ. व सहा.नि. मत्स्य डा. जितेन्द्र कुमार को प्रभारी तथा समस्त ई.आर.ओ. धसहा. रिटर्निंग आफिसर, समाज कल्याण विभाग के सुपरवाइजर जगदीश व गुरसरन को सहा.प्र.अधि., साफ–सफाई व्यवस्था के डी.पी.आर.ओ. व अधि.अधि. न.पा. परिषद बहराइच को प्रभारी व सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक विकास अधिकारी पंचायत व जनपद की अन्य न.पा. परिषदों व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को सहा.प्र.अधि., कोविड प्रबन्धन के लिए सी.आर.ओ. व सीएमओ को प्रभारी तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जयन्त कुमार, डी.पी.आर.ओ. तथा जनपद की न.पा. परिषदों व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को सहा.प्र.अधि., को सहा.प्र.अधि. तथा सोशल मीडिया के लिए डीआईओ एनआईसी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार प्रथम को प्र.अधि. तथा अपर जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी व ई–डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी को सहा.प्र.अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## नसबंदी कराने गई महिला की हुई मौत, पति ने लगाया लापरवाही का आरोप

गोंडा। कटरा थाना क्षेत्र में एक 27 वर्षीय महिला नस बंदी कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गई थी। अचानक उस की तबियत खराब हो गई। उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पति ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कटरा थाना क्षेत्र के शाह जोत गांव के निवासी फूलमती पत्नी माधव राज को उस के गांव के आसा नस बंदी कराने के लिए कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। वही पर अचानक उस की तबियत खराब हो गई। तबियत ज्यादा खराब होने पर उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पति माधव राज ने बताया कि उस के गांव के आसा बहु ने पिछले कई दिनों से आ रही थी। नस बंदी कराने के लिए। दिन उसको घर से बुला कर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। वहां पर तैनात चिकित्सक ने उस का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान ही कोई नस कट गई। जिस से महिला की हालत खराब हो गई। माधव राज का आरोप है कि चिकित्सक ने ऑपरेशन के दौरान लापरवाही किया, जिस उस की पत्नी की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बेटे ने सौतेली मां को ईट से पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट,आरोपी की धरपकड़ में पुलिस नाकाम

गोंडा। थाना कटराबाजार के अन्तर्गत एक बेटे ने नशे की हालत में सौतेली मां को पीट–पीट कर मौत के घाट उतार दिया। मामला कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रंजीतपुर के मजरा सिसई जोगा का है। जहां प्राप्त जानकारी के अनुसार मामूली विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी सौतेली माँ की पीट–पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे घायल अवस्था में महिला को आनन–फानन में जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने बताया शिवाकांत पुत्र स्वामी प्रसाद उम्र 25 वर्ष ने नशे की हालत में अपनी सौतेली मां की पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिससे आनन फानन में उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। वहीं आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जाता है।

## 110 ग्राम स्मैक मय एक अदद मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्तगिरफ्तार किया

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नानपारा जंग बहादुर यादव के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आज वरि0उ0नि0 रुदल बहादुर सिंह मय पुलिस बल व एसएसबी बल के संयुक्त टीम के देखभाल क्षेत्र, तलाश संदिध व्यक्ति वस्तु व रोकथाम तस्करी व रात्रि गस्त के दौरान रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त बाबूराम साहू निवासी चेतराम साहू निवासी मोहनापुर दा0 मकनपुर थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को 110 ग्राम स्मैक मय एक अदद मो0सा0 वाहन सं0 यूपी 40 एएल 8896 टीवीएस स्पोर्ट के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 32ध्2022 धारा 8ध्21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय सदर रवाना किया गया।

# युवा पत्रकार फहीम अहमद के घर पर खनन माफियाओं ने किया हमला

बहराइच। जनपद के युवा पत्रकार फहीम अहमद के घर पर खनन माफियाओं ने हमला किया। पत्रकार को घर मे बंधक बना कर उनके बच्चों व पत्नी पर आमादा फौजदारी हुए। बच्चे घायल हुए जिनका चिकित्सीय उपचार चल रहा है। हौसला बुलन्द खनन माफियाओं ने दोबारा फिर पत्रकार फहीम अहमद को रास्ते मे रोक कर देख लेने की धमकी भी दे डाली है।पीड़ित पत्रकार के परिवार पर हुए प्राणघातक हमले से बहराइच के सभी पत्रकार आक्रोशित हो गए। एकजुटता दिखाते हुए सभी पत्रकारों ने जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चन्द से मुलाकात की और पीड़ित पत्रकार ने जिलाधिकारी को अपनी आपबीती सुनाई। जिलाधिकारी ने पत्रकार के घर व परिवार पर हुए हमले की घटना का संज्ञान लेकर त्वरित न्याय का भरोसा जताया है और पुलिस अधीक्षक को फोन करते हुए जिलाधिकारी ने पीड़ित पत्रकार की आपबीती से अवगत कराया है और पत्रकार के घर मे घुस कर दबंगई करने वाले माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करने की अपेक्षा की है। साथ ही जिलाधिकारी ने एडीएम व खनन अधिकारी को तलब कर खनन माफियाओं के विरुद्ध पूरे जिले में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जनपद बहराइच के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी से मिलने पहुंचे पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार साथी व उसके परिवार पर हुए प्राणघातक हमले के परिपेक्ष्य में आपबीती सुनाई। पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्यवाही के क्रम में कड़ी कार्यवाही किये जाने का भरोसा दिया है। इस मौके पर अजय शर्मा, सलीम सिद्दीकी, राजीव शर्मा, अजीम मिर्जा, कुंवर दिवाकर सिंह, अरशद कुददूस, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, फराज अंसारी, अभिषेक शर्मा, अब्दुल कादिर मुन्ना, सलमान असलम, अब्दुल अजीज, अतीक अहमद, मोनिश अजीज, रेहान कादरी, मोहम्मद आमिर, अशवनी गुप्ता, निशंक गुप्ता आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## मृत मिले दो मोर, वन विभाग ने पोस्टमार्टम को भिजवाया

गोसाईगंज–अयोध्या। सदर तहसील के विकासखंड पूराबाजार इलाके में ..सुबह दो राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पाए गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामला विकासखंड पूरा बाजार ग्राम पंचायत कछौली का है जंहा सुबह एक पेड़ से दो राष्ट्रीय पक्षी मोर अचानक नीचे गिर पडे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मोर को मृत हालत में देखा। ग्रामीण व समाजसेवी डीपी यादव व पूर्व प्रधान उदयचंद यादव ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना पर पहुचे वन विभाग के कर्मचारी योगेंद्र तिवारी व श्याम जी तिवारी को ग्रामीणों ने मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शवो को सुपुर्द कर दिया गया। वन दरोगा सीताराम तिवारी ने बताया कि मृत मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव ने रामबक्स यादव

### सपा कार्यर्ताओं ने किया स्वागत

अयोध्या। नयाघाट करतालिया बाबा आश्रम पर राम बक्स यादव को समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने पर महंथ रामदास की अध्यक्षता में डॉ घनश्याम यादव जिला महासचिव शिक्षक सभा के संचालन में स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ इसमे महंथ राम दास ने और हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंथ आनंद दास पहलवान ने साफा बांध कर फूल मालाओ के साथ स्वागत किया। स्वागत करने में महंथ कविराज दास, महंथ राम नयन दास ,कमल दास महंथ कन्हिया दास, रामतीर्थ दास, सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, आशु यादव पूर्व नगर अध्यक्ष अयोध्या,राकेश पांडेय,वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण पांडेय, राम सजीवन पहलवान अखिलेश यादव उर्फ चंदन ,अवनीश प्रताप सिंह प्राचार्य शिव सावित्री महाविद्यालय रुदौली ,अजय यादव, अभिषेक यादव, अवधेश यादव पूर्व महामंत्री साकेत महाविद्यालय, उत्कर्ष पांडेय , आदि लोगो ने माला पहनाकर स्वागत किया । उक्त अवसर पर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव राम बक्स यादव ने होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया तथा 10 मार्च 2022 को अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया अंत मे सभी का जिन लोगो ने माला पहना के स्वागत किया उनका जीवन भर आभारी रहूंगा उक्त अक्सर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महंथ बाल योगी राम दास ने सभी का मीठा खिलाकर खुशिया मानकर आभार व्यक्त किया।

# चेकिंग देख भाग रहे दो लूटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## टप्पेबाजी की घटनाओं का खुलासा, नकदी, बाइक बरामद

अयोध्या। राह चलते छिनैती और टप्पेबाजी करने वाले दो लुटेरे कुमारगंज पुलिस और एसओजी टीम के हत्थे चढ़ गए। जिनसे पूछताछ में कई घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस लाइंस सभागार में बृहस्पतिवार को प्रेसकांफ्रेन्स में एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लुटेरों से 35000 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल पल्सर व 4600 रुपये कोतवाली नगर तथा 3400 रुपये कोतवाली अयोध्या व टप्पेबाजी की घटना का बरामद हुआ। बकौल एसएसपी लूटध्गैंगेस्टरध चोरी में वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी को जनपद के सभी थानों से अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी ग्रामीण अतुल सोनकर के निर्देशन व सीओ मिल्कीपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह की टीम, स्वाट टीम प्रभारी रतन शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में इटौजा मोड पर रात्रि चेकिंग चल रही थी ।तभी अचानक एक मोटर साइकिल पर दो सवार व्यक्ति वीसापुर की तरफ से आते दिखे। पुलिस टीम ने टार्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया तो बाइक की स्पीड बढ़ा दी। जिसके बाद जांच कर रही टीम ने पीछा किया। दोनों को इटौजा के आगे पुलिया पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में अपना नाम रामनयन सिंह व संजय सिंह निवासी ग्राम गनेशपुर बाबाबजार थाना मवई जनपद अयोध्या बताया। सख्ती से पूछताछ के दौरान कबूल किया कि 14 जनवरी को ग्राम उमरहर से विक्की में टगें बैग जिसमे 45000 रुपये रास्ता पूछने के बहाने लेकर भाग गये थे। इससे पहले 05 दिसम्बर 21 को कोतवाली नगर में शाम करीब 05–06 बजे जीआईसी ओवर ब्रिज फैजाबाद के नीचे से पैदल जा रही महिला के गले से चौन छीनने की घटना की थी। इसी प्रकार 17 अक्टूबर 21 को कोतवाली अयोध्या में रात्रि करीब 08 बजे लाइफ लाइन हास्पिटल अयोध्या के पास पैदल जा रही महिला के गले से चौन छीनी थी। सभी घटनाओं का सम्बंधित थानों में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों की निशादेही पर चोरी के 45000 रुपये में से 35000 रुपये बरामद हुए हैं। कामाख्या भवानी मंदिर के पास गोमती नदी में से एक चेकदार थैला अभियुक्त रामनयन सिंह के निशादेही पर बरामद किया गया। जिसमें 04 बैक पासबुक व अन्य कागजात व पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यपी 42 बीई 6813 बरामद हुआ। इसके अलावा व 02 अवैध तमंचा मय कारतूस मिले हैं। सभी पर मुकदमा दर्ज कर सक्षम न्यायालय के लिए रवाना कर दिया गया।

## पुलिस व अर्धसैनिक बल ने मार्च कर शांतिपूर्ण मतदान का भरोसा दिलाया

गोसाईगंज–अयोध्या। विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य एसएचओ महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह व चौकी प्रभारी पूरा बाजार राम अवतार राम की अगुवाई में पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने पूराबाजार, नारा,कादीपुर, बिल्हरघाट, रसड़ा, ऐमी आलापुर व रसूलाबाद में मार्च कर जनता को शांतिपूर्ण मतदान का भरोसा दिलाया। एसएचओ महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह ने रसूलाबाद में बाजार वासियों से कहाकि आप लोग निर्भीक होकर मतदान कीजिए ।चुनाव में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा वह चाहे जो भी हो ।क्योंकि कानून से बड़ा कोई नहीं है ।उन्होंने लोगों को कोरोना के नियमों का पालन करने को भी कहा जिससे इस रोग से बचा जा सके।

## महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि के अवसर पर धर्म रक्षा सेतु के कार्यकर्ताओं द्वारा शौर्य सभा का किया आयोजन

करनैलगंज,गोंडा। महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि के अवसर पर धर्म रक्षा सेतु के कार्यकर्ताओं द्वारा शौर्य सभा का आयोजन किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह के पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में धर्म रक्षा सेतू के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप को पुष्प अर्पित करते हुए। उनके शौर्य, पराक्रम और उनके देश और सनातन धर्म की रक्षा में किये गए बलिदान का वर्णन किया गया। जिसमें धर्म रक्षा सेतु के संगठन प्रमुख आयुष सोनी और विशाल कौशल सहित नगर के पत्रकारों और समाज सेवियों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और अश्व शिरोमणि चेतक का तिलक करके उनपर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात भाजपा नगर महामंत्री कन्हैया लाल वर्मा और एबीवीपी के अभिनव सिंह छाबड़ा ने महाराणा प्रताप सिंह की विजय गाथा का बखान किया। सभी कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की आरती की। इस मौके पर नगर के अशोक शुक्ला, रितेश गुप्ता नगर के भाजपा महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, तनिष्क चौरसिया, अमित कौशल, मनीष सोनी, सुजल सोनी, अभिजीत, ओम प्रकाश तिवारी, शिवम सुल्तानिया, सौरभ वैश्य, रिषभ तिवारी, आभास सोनी और अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषाहार वितरण में अनियमितता का लगाया आरोप

करनैलगंज,गोंडा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषाहार वितरण में अनियमितता पर महिलाओं ने उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत पहाडापुर की रहने वाली कबूतरी, श्यामराजी, मन्जानी निवासी पहाड़ापुर सहित अन्य महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा हैं कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषाहार वितरण नहीं किया जाता हैं। जब लोग इसकी पूछताछ करते हैं तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं द्वारा ये बता कर पल्ला झाड़ दिया जाता हैं कि हमारी तैनाती आपके गांव में नहीं हैं। जबकि सभी कार्यकत्री व सहायिका उक्त पहाड़ापुर की ही निवासी हैं। जिससे आहत होकर महिलाओं ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर पोषाहार वितरण में पारदर्शिता की मांग की।

# जिलाधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण, दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा मतदान हेतु बनाये गये मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय, महदेवा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलवा विकास खण्ड नौगढ़ तथा प्राथमिक विद्यालय नीबीदोहनी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय शोहरतगढ़ तथा शिवपति इन्टर कालेज, शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर बिजली, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर हैण्ड पम्प ठीक हालत में है। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतदान केन्द्रो पर दीवार पर बूथ संख्या अंकित कराने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय महदेवा में हैण्ड पम्प खराब होने पर जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा ने उसे ठीक कराने का निर्देश दिया। बी.एल.ओ. से वोटर लिस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी, बी.एल.ओ. ने बताया कि वोस्टर लिस्ट पूर्ण है किसी का नाम छूटा नही है। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा बाणगंगा के पास बने निरीक्षण भवन, सिचांई विभाग, का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने चुनाव आब्जर्वर को ठहरने हेतु निरीक्षण भवन को ठीक कराने हेतु संबधित अधिकारी को निर्देश दिया। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा थाना चिल्हिया पर निर्वाचन हेतु की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि जहां पर राजनैतिक पार्टी के पोस्टर, बैनर लगे है तथा दीवालो से वाल पेन्टिंग है उन्हे हटवाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदशील तथा अतिसंवेदनशील बूथे का निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा क्षेत्राधिकारी के साथ क्षेत्रों में पैदल गस्त कर लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगो को भयमुक्त वातावरण में मतदान करन हेतु जागरूक करे। इसके साथ ही बूथो पर जाने हेतु रूटचार्ट तैयार कर ले जिससे मतदान हेतु बूथो पर वाहनो को जाने में कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त अपर उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष चिल्हिया, संबधित बी.एल.ओ., ग्राम प्रधान तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।







# चोरों द्वारा ताला तोड़कर लाखों का चोरी

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नौगढ़ थाना अंतर्गत आने वाली महादेवा बुजुर्ग टोला मदरहना मैं चोरों द्वारा ताला तोड़कर किया लाखों का चोरी इस घर पर कोई ना रहने पर चोरों ने फायदा उठाया जोकि गांव से महज थोड़ी दूर पर पुलिस चौकी है लेकिन पुलिस को कानो कान खबर नहीं लगी। क्या चौकी पुलिस रात में गस्त करने के लिए निकलती है या नहीं अगर निकलती है तो महज थोड़ी दूर पर चोरी क्यों। चोरों ने घर में रखें कपड़ा पैसा जेवरात सब उठा ले गए। जहां एक तरफ पुलिस प्रशासन चोरों पर लगाम लगा रही है वहीं दूसरी तरफ चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं उनको किसी प्रकार की डर नहीं है।





# विधायक अमर सिंह चौधरी के स्वागत में पूरे जिले से नदारद दिखे सपा कार्यकर्ता,जनता में भी नही दिखा उत्साह

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के चौधरी अमर सिंह के सपा में शामिल होने के बाद जिले में प्रथम आगमन पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिले समेत खासकर शोहरतगढ़ विधानसभा के सपा के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों की अनुपस्थिति ने विधायक के मजबूती के दावों की पोल खोल कर रख दी। विधायक चौधरी अमर सिंह के स्वागत में जनता का भी खासा उत्साह देखने को नही मिला और नाही किसी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ का न पहुँचना सपा के शीर्ष नेतृत्व को विचार करने पर विवश करता है की कही सपा कार्यकर्ताओ एवं की पदाधिकारियों की नाराजगी पार्टी को भारी नुकसान कर सकती हैं।स्वागत कार्यक्रम में नहीं दिखे वीरेंद्र तिवारी जिला उपाध्यक्ष ,श्री नारायण यादव विधानसभा अध्यक्ष ,रामू यादव जिला सचिव ,विष्णु उमर जिलाध्यक्ष छात्रसभा ,मोहम्मद शहजाद ,गोलू ,वकील खान ,गोपाल प्रसाद ,बलराम चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू सिंह ,डब्लू सिंह, मैनुद्दीन समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता ।



# बेटे का फर्ज निभाते हुए बेटी ने दी मुखाग्नि

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के नवली गांव मे गुरुवार को एक सीख प्राप्त करने वाला घटना प्रकाश मे आया है। जहां एक पुत्री ने अपनी सभी जिम्मेदारियों को निभाते हुए पिता को मुखाग्नि दी।पुत्री के इस साहसिक कार्य को लोगों ने शिक्षाप्रद बताते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की है। प्राप्त बिबरण के अनुसार बड़हलगंज थाना क्षेत्र के खड़ेसरी गांव मे कान्ता पुत्र गुल्लू निवास करते थे। उनके पत्नी के अलावा इकलौती पुत्री कबूतरा देवी ही सहारा थी।वे मजदूरी करके परिवार का पालन किए।अपनी पुत्री का विवाह गोला थाना क्षेत्र के नवली गांव मे कोदई पुत्र रामप्यारे से लगभग 35 वर्ष पूर्व हुई थी। 75 वर्ष की अवस्था मे जब कान्ता व उनकी पत्नी असहाय हो गए तब पुत्री कबूतरा देवी ने परिवार की सहमति से उन्हें पांच वर्ष पूर्व अपने पास बुला लिया। तबसे उनका देखभाल करती रही। गुरुवार को कान्ता का देहांत हो गया।तब पुत्री ने अपना फर्ज निभाते हुए मुखाग्नि देकर बेटे का भी फर्ज निभाया।जो गांव मे मिशाल बन गई है। तथा लोगों मे एक सीख पैदा कर रहा है कि बेटियां भी बेटों से कम नही हैं। उन्हें भी समान अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए।



# गोरखपुर के कोर्ट परिसर में हत्या, बच्ची से रेप के आरोपी को पीड़िता के पिता ने मारी गोली

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। गोरखपुर में शुक्रवार की दोपहर दीवानी कचहरी गेट पर नाबालिग से रेप के एक आरोपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। मारे गए व्यक्ति का नाम दिलशाद हुसैन बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वह बिहार का रहने वाला था। बताया जा रहा है पीड़ित लड़की के पिता ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कचहरी गेट पर हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड से वहां मौजूद अधिवक्ता भड़क गए हैं। वे कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिलशाद हुसैन कचहरी में एक वकील से मिलने आया था। इसी दौरान कचहरी के मेन गेट पर उसे गोली मार दी गई। आरोप है कि इस दौरान मौके पर कुछ पुलिसकर्मी मौजूद थे जो गोली चलते ही भाग खड़े हुए। हत्या के बाद एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि वो पीड़ित लड़की का पिता है। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस की वकीलों से बहस भी हुई। लोग घटना के वक्त मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के भाग खड़े होने का आरोप लगा रहे थे। जबकि वकील कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का सवाल उठा रहे हैं। जमानत पर बाहर था दिलशाद, पहली तारीख पर हुई हत्या बताया जा रहा है कि मारे गया शख्स दिलशाद हुसैन (उम्र करीब 30 वर्ष) नाबालिग से रेप के मामले में जमानत पर बाहर था। आज उसके केस की पहली तारीख थी।

कोविड प्रोटोकॉल की वजह से कचहरी परिसर में वादकारियों का प्रवेश नहीं हो रहा है। इस वजह से दिलशाद हुसैन ने अपने वकील को दोपहर 1.25 बजे फोन किया। वकील, बाहर आकर उससे मिलने वाले थे इसी दौरान लड़की के पिता की उस पर नजर पड़ गई। दिलशाद अपने वकील का इंतजार कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लड़की के पिता ने उसे देखते ही गोली चला दी लेकिन पहली गोली मिस कर गई तो दिलशाद भागने लगा। इसके बाद लड़की के पिता ने उसे दौड़ाकर पीछे से गोली मार दी। दिन दहाड़े सबके सामने हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान साइकिल स्टैंड पर मौजूद एक युवक ने दौड़ाकर हत्यारोपी को पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी गोरखपुर के बड़हलगंज क्षेत्र का रहने वाला है जबकि मारा गया शख्स दिलशाद हुसैन बिहार का रहने वाला था।



# डाड़ी खास को हरा कर सकरी ने जिती ट्राफी

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के पाण्डेयपार उर्फ डड़वा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में डाड़ी खास की टीम को सकरी की टीम ने हराकर फाईनल मैच में जीत दर्ज कर शील्ड और घोषित इनाम की रकम जीत लिया। यदुबंशी क्रिकेट क्लब डड़वापार के बैनर तले चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को डाड़ी खास बनाम सकरी के बीच खेला गया। डाड़ी खास की टीम टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। डाड़ी खास की टीम अपने निर्धारित 10 ओवर के 7.3 ओवर में मात्र 66 रन बना कर आल आउट हो गई। 67 रन का विजय लक्ष्य लेकर उतरी सकरी की टीम ने 7ओवर में 5 विकेट गवाकर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह सकरी की टीम ने डाड़ी खास की टीम को 5 विकेट से हरा दिया।इस मैच में सकरी की टीम से खेल रहे मुकेश ने सर्वाधिक 26 रन बना कर नाबाद रहे। इन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया।विजेता टीम को 2500 रुपया नगद और शिल्ड दिया गया और उप विजेता टीम को 1500 रुपया नगद और शिल्ड दिया गया। इस मैच में अम्पायर सचिन यादव, संदीप यादव कमेंट्री पर दीपक गौड़ स्कोरर रत्नाकर यादव रहे। मैच के अंत में आयोजक दीपक यादव, संगम यादव, निखिल, अभिमन्यु और गोलू ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।



# मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोपालपुर/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर में बिती रात मेडिकल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर कैस बाक्स में रखा तीस हजार रुपया चोरी कर लिया गया। पिड़ित ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। देवकली गांव के जयहिंद मद्धेशिया की गोपालपुर में अखाड़ा माता के स्थान के पीछे जयहिंद मेडिकल स्टोर नाम से दवा की दुकान है।प्रातः वे दुकान खोलने जब स्टोर पर गए तो दुकान का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। तथा कैस बाक्स गायब था। जिसमें सिक्के व नोट मिलाकर लगभग तीस हजार रुपया व पांच चांदी की सिक्के गायब थे। उन्होंने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# गुंडा एक्ट 588 गौवध 35 गैंगेस्टर 88 एनएसए 8 पर कार्रवाई किया जा चुकाः एसएसपी

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। विधानसभा 2022 चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने अपराध व अपराधिा को नियंत्रण करने के लिए जनपद के समस्त सर्किल के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने थाना अंतर्गत अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरोधात्मक कार्यवाही जारी रखें चर्चित अपराधियों के लिए कार्य योजना के तहत चर्चित अपराधियों की जगह जेल में भेजने का कार्य कर रही इसके साथ ही चर्चित अपराधियों के रिश्तेदारों व सहयोगीयो को चिन्हित कर जेल भेजने का कार्य किया जाएगा हिस्ट्रीशीटर की कुंडली खंगाल कर उनके ऊपर नजर बनाई जा रही है जिलाधिकारी के निर्देशन पर 50 से अधिक अपराधियों को जिला बदर कर जिले से बाहर भेजने का कार्य किया गया जिससे 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके जनपद में 30 सितंबर 2021 से 12 जनवरी 2022 तक 10855 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया जनपद में 22979 शस्त्र लाइसेंसों के सापेक्ष 12606 शस्त्र लाइसेंस दुकानों या थानों पर अब तक जमा कराए जा चुके शत प्रतिशत शस्त्र को जमा कराने की प्रक्रिया जारी हैं 54 अवैध हथियारों को जप्त किया जा चुका है सीआरपीसी के तहत 56524 निरोधात्मक कार्यवाही किया गया है 17440 निष्पादित कर दिया गया है 62 पेंडिंग को जल्द निस्तारित कर दिया जाएगा जनपद के समस्त थाना अंतर्गत जनवरी 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक शस्त्र अधिनियम 362 जुआ 18 एनडीपीएस 142 आबकारी 1283 भ्रष्टाचार 7 गुंडा एक्ट 588 पुलिस 34- 15309 110 द प्र स 1063 गौवध 35 गैंगेस्टर 88 एनएसए 8 पर कार्रवाई किया जा चुका है एसएसपी ने बताया कि समस्त सर्किल अफसरों व थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई जारी रखें अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे है चुनाव के दौरान चर्चित अपराधियों व उनके शुभचिंतकों तथा सहयोगी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सलाखों के पीछे भेजने का कार्य करें।



- **सीआरपीसी के तहत 56524 पर निरोधात्मक कार्यवाही किया गया**
- **22979 शस्त्र लाइसेंसों के सापेक्ष 12606 शस्त्र लाइसेंस दुकानों या थानों पर जमा कराये गये-एसएसपी**

## जिले के कुल 3002बूथो का होगा वेबकास्टिंग

संवाददाता
कुशीनगर।अबकी बार विधान सभा चुनाव में 1501 बूथों पर वेबकास्टिंग होगी। पहली बार शुरू की जा रही वेबकास्टिंग तैयारी अभी शुरू हो गयी है। जिले की 3002 बूथों में से आधो बूथों की गतिविधिया कैमरे में कैद होगी। वेबकास्टिंग होने से जिले के सात विधान सभा क्षेत्रों के 1501 बूथों की निर्वाचन आयोग ऑनलाइन मॉनीटरिंग करेंगा। विधान सभा चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के लिये निर्वाचन आयोग ने पहली बार पचास प्रतिशत बूथों पर मतदान प्रक्रिया के वेबकास्टिंग कराने का निर्णय लिया है। इसको अमली जामा पहनाने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा अपने स्तर से निविदा आमंत्रित किया गया है। अनुबंध होने वाली फर्म जिले की सातों विधान सभा क्षेत्रों में पचास प्रतिशत बूथों पर वेबकास्टिंग के लिये कैमरा व इंटरनेट की व्यवस्था करेंगी। इसकी मॉनीटरिंग जिले स्तर पर जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी करेंगे। जिले के सात विधान सभा क्षेत्रों में स्थित 3002 बूथों में से 50 प्रतिशत बूथ यानी 1501 बूथों से वेबकास्टिंग होगी।

# सम्पादकीय

**बहरहाल, एक अनजानी महामारी से फौरी तौर पर लोगों को सुरक्षा कवच तो मिला ही है। जिन लोगों के लिये पहली–दूसरी लहर में संक्रमण घातक हुआ उनमें से अधिकांश लोग पहले से ही गंभीर रोगों से ग्रस्त थे। बहरहाल, जो टीकाकरण से रह गये हैं उन्हें जल्दी से जल्दी टीका लगवाना चाहिए। तभी महामारी का खात्मा संभव है...**

## सुरक्षा कवच का साल

एक वैश्विक महामारी के खिलाफ स्वदेशी व देश में निर्मित टीकों की मदद से टीकाकरण का कामयाब साल पूरा करना हमारी उपलब्धि है। इतने कम समय में वैज्ञानिकों ने टीका हासिल किया, राजसत्ता ने इच्छाशक्ति दिखायी और चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा फ्रंट लाइन वर्करों ने उसे अंजाम तक पहुंचाया। सब कुछ जीरो से शुरू करने जैसा था, फिर भी देश ने न केवल सवा अरब से ज्यादा आबादी का ख्याल रखा बल्कि दूसरे देशों की भी मदद की। हम याद रखें कि देश की आर्थिक स्थिति कैसी है, हमारा चिकित्सा तंत्र किस हाल में था और संसाधनों की क्या स्थिति है। दूसरी लहर के दौरान कई बड़े देशों ने वैक्सीन की कच्ची सामग्री देने में आनाकानी की और चीन ने कई तरह के व्यवधान पैदा किये। इतने बड़े व भौगोलिक जटिलताओं के देश के गांव–देहात में जाकर टीके लगाना निस्संदेह कठिन था। टीकों का उत्पादन और फिर सुरक्षित तापमान में लक्षित आबादी तक पहुंचाना आसान नहीं था। जब राज्यों को टीकाकरण का दायित्व दिया गया तो उस दौरान जो राजनीतिक कोलाहल हुआ, उसे देश ने देखा। सुप्रीम कोर्ट की तल्खी भी देखी। सुखद है कि देश की सत्तर फीसदी वयस्क आबादी को दोनों टीके लगे हैं। करीब 157 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। वह भी तब जब खुद स्वास्थ्यकर्मियों की जान को भी खतरा था। इनकी प्रतिबद्धता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र ने डाक टिकट जारी किया। लेकिन ऐसे वक्त में जब रोज नये संक्रमण के मामले दो लाख से अधिक आ रहे हैं और सक्रिय मामलों का आंकड़ा दस लाख पार कर गया है, तो सतर्क रहने की जरूरत है। नये वेरिएंट का खतरा टला नहीं है और वायरस के रूप बदलने की आशंका बनी हुई है। कहा जा रहा है कि ओमीक्रोन के कम घातक होने के कारण केवल अस्पताल में भर्ती होने वाले तथा मरने वालों का ही आंकड़ा जारी किया जाये। साथ ही अनावश्यक प्रतिबंधों में तार्किक ढंग से ढील दी जाये ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति के लिये रोजी–रोटी का संकट पैदा न हो। सख्ती एक नई मानवीय त्रासदी को जन्म दे सकती है। वहीं, यह अच्छी बात है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय मार्च से बारह से पंद्रह साल के बच्चों के टीकाकरण की दिशा में बढ़ रहा है। निस्संदेह, इससे जहां अभिभावकों की चिंता दूर होगी, वहीं स्कूलों को सामान्य ढंग से खोलने में मदद मिलेगी। विकसित देश पहले ही इस दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। बल्कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके बारह साल से छोटे बच्चों के टीकाकरण के लिये सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है। वहीं दिव्यांगों के टीकाकरण के बाबत दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार ने हलफनामा दायर किया है कि किसी को जबरन टीका लगाने को बाध्य नहीं किया जाएगा। साथ ही दिव्यांगों को टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाने की बाबत कहा कि किसी मानक प्रक्रिया के तहत यह अनिवार्य नहीं है। बहरहाल, इतना जरूर है कि दिव्यांगों की दिक्कतों के चलते उनके घर–घर जाकर टीका लगाने की जरूरत है। लेकिन जब भारत में कोरोना संक्रमण के मामले अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर हैं तो नागरिकों से सजग–सतर्क व्यवहार की उम्मीद है। हम न भूलें कि इतने बड़े अभियान के बाद करोड़ों लोग ऐसे भी हैं जो आज भी टीका लगाने से बच रहे हैं। तीसरी लहर के आंकड़े बता रहे हैं कि अस्पताल में भर्ती होने वालों व मरने वालों में वे ही लोग ज्यादा हैं, जिन्होंने टीका नहीं लगवाया। निस्संदेह, दोनों टीके लगाने के बाद भी कुछ लोगों को संक्रमण हुआ है, लेकिन यह कम घातक रहा और अस्पताल में भर्ती होने की नौबत नहीं आयी।

## कविता

### गजल

वो यूँ करते हैं मेहनत रात– दिन खेती, किसानी में,
कमरझुक जाती है अक्सर किसानों की जवानी में ।।

गरीबी,बेबसी,बीमारियां, लाचारियां, साहब !
यही कुछ लफ्ज होते हैं गरीबों की कहानी में ।।

मिले भट्ठी पे छोटू और भट्ठे पर दिखे मुनिया,
बहस बचपन बचाने की छिड़ी है राजधानी में ।।

सियासत में हुए मशहूर कुछ गुमनाम से चेहरे,
महारत हो गई हासिल उन्हें जब बदजुबानी में ।।

बुरी हो लाख दुनिया नियाज, अच्छाई इसी में है!
रहो मिलकर सभी से चार दिन की जिन्दगानी में ।।



सिद्धार्थनगर।
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## दहिमन संजीवनी असाध्य रोगों मे है रामबाण दवा

**सदियों से जब विश्व में अंग्रेजी दवाओं का आविष्कार नहीं हुआ था तब से लेकर अंग्रेजी दवाओं के जन्म तक आयुर्वेदिक औषधियों वनस्पति जड़ी बूटी आदि के जरिए असाध्य रोगों का उपचार आयुर्वेदाचार्यों/ ऋषिमुनियों द्वारा किये जाने के प्रमाण वेद और पुराणों में मौजूद है। प्राचीन भारत में राजाओं के मध्य सत्ता संघर्ष को लेकर होने वाले महायुद्धों में आयुर्वेदिक औषधियों का चमत्कार सर्वविदित है...**

कृष्णा सिंह बाबा

छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश के कुछ जंगलों में पाये जाने वाला दहिमन का पेड़ औषधियों से परिपूर्ण है। इसे देव पौधा भी कहा जाता है। किन्तु उचित देखभाल के अभाव में यह विलुप्त होता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सरगूजा संभाग के कोरिया जिले में इस पौधे को संरक्षित रखने का काम यहां के रेंजर अखिलेश मिश्रा के द्वारा लगातार किया जा रहा हैं। जिससे क्षेत्र में अब दहिमन के पेड़ बढ़ रहे हैं वहीं इसके पौधे भी सुरक्षित तरीके से तैयार किये जा रहे हैं। सदियों से जब विश्व में अंग्रेजी दवाओं का आविष्कार नहीं हुआ था तब से लेकर अंग्रेजी दवाओं के जन्म तक आयुर्वेदिक औषधियों वनस्पति जड़ी बूटी आदि के जरिए असाध्य रोगों का उपचार आयुर्वेदाचार्योंध्ऋषिमुनियों द्वारा किये जाने के प्रमाण वेद और पुराणों में मौजूद है। प्राचीन भारत में राजाओं के मध्य सत्ता संघर्ष को लेकर होने वाले महायुद्धों में आयुर्वेदिक औषधियों का चमत्कार सर्वविदित है। गोस्वामी तुलसी दास कृत रामायण में भी राम रावण के बीच होने वाले युद्ध में लक्ष्मण के मूर्छित होने पर महाबली हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी की खोज में पूरा पर्वत उठाकर लाने का प्रसंग आज भी आयुर्वेदिक औषधियों के महत्व को असाध्य बीमारियों के उपचार में प्रतिपादित करता है। जहां अंग्रेजी दवाओं का सफर कम होता है वहां आयुर्वेदिक उपचार ही मरीज को लाभांवित करता है इस संबंध में सरगुजा संभाग के घने वनों से घिरे कोरिया के रेंजर अखिलेश मिश्रा द्वारा जनहित में आयुर्वेदिक दहिमन संजीवनी का विलुप्त होने पर चिंतन व्यक्त करते हुए उसके महत्व को आधुनिक संदर्भ में विस्तार से आम लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने के पीछे जड़ी बूटी के महत्व को आम लोगों को जनवाना है इसी कड़ी में मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारत को आयुर्वेद का गुरु माना जाता है, क्योंकि यहां सदियों से आयुर्वेद को लेकर बड़े–बड़े शोध होते रहे हैं. यहां ऐसी कई दुर्लभ प्रजातियों पेड़ पौधों पाए जाते हैं, जो कई असाध्य रोगों के लिए रामबाण उपयोगी साबित हुए है. इन्हीं में से एक है दहिमन का पेड़, जो काफी दुर्लभ होता है और आसानी से इसकी पहचान नहीं की जा सकती. इस पेड़ के फल, पत्ती, जड़ तना सभी कुछ असाध्य रोगों और शारीरिक समस्या के लिए काम आता है. कई तरह की बीमारियों में ये संजीवनी का भी काम करता है.

रामबाण दहिमन संजीवनी मरीजों की चिकित्सा के लिए सर्वोत्तम औषधि

दहिमन पेड़ का बॉटेनिकल नाम कॉर्डिया मैकलोडी हुक है, जिसे दहिमन या देहिपलस के नाम से भी जाना जाता है, दहिमन एक औषधीय गुणों से भरपूर पेड़ है. जो किसी भी प्रकार की संजीवनी बूटी से कम नहीं है. कहा जाता है कि यह कैंसर जैसी घातक बीमारी को भी ठीक कर सकती है. दहिमन के बारे में हमारे ग्रंथों में भी वर्णन किया गया है और लोगों की कुछ धार्मिक आस्था भी इस पेड़ से जुड़ी हुई है.

शहडोल जिले के जंगलों में औषधिय महत्व के कई वनस्पती पाए जाते हैं, जिनके बारे में क्षेत्र के लोगों को जानकारी नहीं है. ऐसा ही है दहिमन का पेड़ जो शहडोल जंगलों में पाया जाता है, लेकिन जानकारी के आभाव में विलुप्ति की कगार पर हैं, यही कारण है कि अब यह ढूंढने से ही मिलता है, लेकिन इसका समय रहते संरक्षण नहीं किया गया तो औषधीय महत्व का ये पेड़ भी कब विलुप्त हो जाएगा किसी को पता भी नहीं चलेगा.

विलुप्त होती दहिमन संजीवनी

दहिमन का पौधा छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में काफी तादाद में पाया जाता है. इसके बहुत सारे औषधीय गुण हैं. इसके अलग–अलग तरीके से उपयोग से अलग अलग बिमारियों से निजात मिल सकती है. दहिमन, पित्त की बीमारियों को बैलेंस करता हैं, साथ ही हाइपरटेंसिव सीवीए की प्रॉब्लम, सेरिब्रोवस्कुलर अटैक, लकवा वगैरह का पेशेंट भी दहिमन का प्रयोग कर आराम पा सकता है.

ब्रेन में क्लॉट में दहिमन का पत्तियों का लेप लगाना और माला पहनने से क्लॉट डिसॉल्व होने लगता है. कई मामलों में इसका उपयोग जहर का प्रबाव कम करने के लिए होता है. कम नींद और ज्यादा नींद के मरीजों की मानसिक स्थिति को संतुलित करता है. अगर कोई मानसिक रोगी शराब नहीं छोड़ पा रहा है तो उसके लिए भी यह बहुत उपयोगी है. सांप के काटने पर भी इसका उपयोग जहर के कम करने के लिए किया जाता. दहिमन के पौधे को लेकर कुछ जानकर बताते हैं कि अंग्रेजों के समय में यह पेड़ बहुत अधिक संख्या में पाए जाते थे. इसके पत्तों पर कुछ लिखा जाए तो यह उभरकर सामने आ जाता है. इसलिए इसके पत्तों का उपयोग क्रांतिकारी गुप्तचर संदेश भेजने के लिए किया करते थे लेकिन जब इस बात का पता अंग्रेजों को चला तो उन्होंने इसके पेड़ को काटने का आदेश दे दिया इसलिए दहिमन का वृक्ष केवल कुछ जगह पर ही बचे हैं। रेंजर बैकुंठपुर अखिलेश मिश्रा ने बताया की दहिमन का पौधा औषधि पौधा होता है यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पे है पर हमने इसे फिर से लोगो के बीच लाने का प्रयास किया है और बैकुंठपुर रेंज अन्तर्गत आनंदपुर नर्सरी में इस प्रजाति को पुनरू तैयार किया जा रहा है कई हजार पौधे हमने तैयार किया है और लोगों को उपलब्ध भी करवा रहे हैं जितना ज्यादा हो सके इसका लाभ लोगों तक पहुंचे।

## नई तकनीक के साथ रोजगार संरक्षण

**हमारे सामने दो रास्ते हैं। यदि हम बड़े उद्योगों से उत्पादन करायेंगे तो बेरोजगारी बढ़ेगी, अपराध बढ़ेंगे, बेरोजगारी भत्ता देना होगा और अपराध से भी आर्थिक विकास का ह्रास होगा। इन बेरोजगारी भत्ते और अपराध के नियन्त्रण के मूल्य को यदि छोटे उद्योगों को आर्थिक सहायता के रूप में दे दिया जाए तो छोटे उद्योग चल निकलेंगे, उनके द्वारा रोजगार उत्पन्न होंगे और ये खर्च करने की सरकार को जरूरत नहीं ...**

भरत झुनझुनवाला

तमाम वैश्विक आकलनों के अनुसार भारत विश्व की सबसे तेज आर्थिक विकास हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। वैश्विक सलाहकारी संस्था प्राइस वाटरहाउस कूपर्स ने कहा है कि साल 2050 में भारत चीन के बाद विश्व की नंबर 2 अर्थव्यवस्था बन सकता है यदि आर्थिक सुधारों को लागू किया जाए। सामान्य रूप से वैश्विक संस्थाओं का दबाव रहता है कि जीएसटी, बुनियादी संरचना, पूंजी के मुक्त आवागमन और मुक्त व्यापार जैसे सुधारों को लागू किया जाए। गौर करने वाली बात यह है कि इन्हीं सुधारों को लागू करने के बावजूद हमारी आर्थिक विकास दर पिछले छह वर्षों में लगातार गिर रही है। इसलिए इतना सही है कि हमें आर्थिक नीतियों में बदलाव करना पड़ेगा। लेकिन यह सही नहीं कि इन्हीं आर्थिक सुधारों के सहारे हम आगे बढ़ सकेंगे। यहां विश्व की सबसे तेज बढने वाली अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास दर में गिरावट के विरोधाभास से भ्रमित नहीं होना चाहिए चूंकि हमारी कथित तेज विकास दर अंधों में काना राजा जैसी है।

सत्य यह है कि हमारी आर्थिक विकास दर में गिरावट केवल आर्थिक नीतियों के बल पर नहीं संभल सकती है। वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती नई तकनीकों से सामंजस्य बैठाने की है। सेंट स्टीफेंस यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रोफेसर मैथ्यू जानसन ने कहा है कि साल 2035 तक 50 प्रतिशत रोजगार का हनन हो जाएगा क्योंकि ये कार्य रोबोट द्वारा किये जायेंगे। भारत के लिए यह परिस्थिति विशेषकर दुरूह है क्योंकि बड़ी संख्या में युवा हमारे श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। यदि इन्हें आय अर्जित करने के समुचित अवसर नहीं मिलेंगे तो ये कुंठित होंगे और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होंगे। औरंगाबाद महाराष्ट्र के एक प्रोफेसर ने बताया कि उनके एमए की डिग्री हासिल किये हुए छात्र एटीएम तोडने जैसी आपराधिक घटनाओं में लिप्त हो रहे हैं क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं हैं। दूसरी तरफ, केरल में एक रेस्तरां में एक रोबोट द्वारा भोजन परोसा जा रहा है और हमारी अपनी मेट्रो में भी बिना ड्राइवर की ट्रेन को चलाया गया है। इसलिए दो परस्पर विरोधी चाल हमारे सामने हैं। एक तरफ नई तकनीकों के उपयोग से रोजगार का हनन हो रहा है तो दूसरी ओर बड़ी संख्या में युवा श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

इस समस्या को और गंभीर बनाया है हमारी उन नीतियों ने, जिनमें छोटे उद्यमियों को बड़े उद्यमों से सीधे प्रतिस्पर्धा में खड़े होने के लिए कहा गया है। बड़े उद्योगों की उत्पादन लागत कम आती है। जैसे दवा का उत्पादन करने वाली बड़ी कम्पनी कच्चे माल को चीन से आयात करेगी, कंटेनर को ब्राजील से लाएगी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जर्मनी से आयात करेगी। इनके पास अच्छी गुणवत्ता के इंजीनियर होंगे। बड़े पैमाने पर भी उत्पादन करने से लागत कम आती है, जैसे घानी से तेल निकालने में लागत ज्यादा आती है जबकि एक्सपेलर में लागत कम आती है। इसलिए बड़े उद्योगों को बढ़ावा देकर हम सस्ते माल का उत्पादन अवश्य कर रहे हैं लेकिन इसमें रोजगार का हनन हो रहा है। हमारे सामने ही नहीं बल्कि विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि हम युवाओं को इस बदलते तकनीकी परिदृष्य में रोजगार उपलब्ध करायें।

अंतर्राष्ट्रीय सलाहकारी कम्पनी आर्थर डी लिटिल और बैंक ऑफ अमेरिका ने कहा है कि स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन और छोटे उद्योगों को सहायता देनी चाहिए। लेकिन प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं होगा। कारण यह कि छोटे उद्यमी की उत्पादन लागत ज्यादा आयेगी ही। इन्हें कच्चा माल थोड़ी मात्रा में स्थानीय सप्लायर से खरीदना पड़ता है, तुलना में घटिया गुणवत्ता के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाने पड़ते हैं, और एक ही व्यक्ति को उत्पादन, बैंक, खाता, श्रमिक, आदि सब काम देखने पड़ते हैं। इन सभी कार्यों में इनकी कुशलता बड़ी कम्पनियों की तुलना में न्यून होती है। इस समस्या का समाधान भारत सरकार द्वारा छोटे उद्योगों के क्लस्टर बनाकर हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मनमोहन सिंह सरकार के समय एक कमेटी ने कहा था कि छोटे उद्योगों का विशेष स्थानों पर एक झुंड बना दिया जाए जैसे मुरादाबाद में पीतल के सामान का और लुधियाना में होजरी का तो ये बड़े उद्योगों का सामना करने में सक्षम हो सकते हैं। इनके कई कार्य सामूहिक स्तर पर किये जा सकते हैं जैसे कच्चे माल की गुणवत्ता की टेस्टिंग करना अथवा प्रदूषण नियन्त्रण के उपकरण सामूहिक रूप से स्थापित करना इत्यादि। लेकिन इस नीति के बावजूद अपने देश में छोटे उद्योग पिट रहे हैं और रोजगार की समस्या गहराती जा रही है। इसलिए केवल समर्थन की हवाई बातों को करने के स्थान पर हमें समझना होगा कि छोटे उद्योगों को यदि जीवित रखना है तो उन्हें वित्तीय सहायता देनी ही पड़ेगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि छोटे उद्योगों द्वारा बनाये गये माल की लागत अधिक होगी। जैसे बड़े उद्योग में बनाई गयी टीशर्ट 200 रुपये में उपलब्ध हो सकती है तो छोटे उद्योग द्वारा 250 रुपये में। इस ऊंचे मूल्य को उपभोक्ताओं को वहन करना होगा। जो टीशर्ट हमें बड़ी कम्पनी से 200 रुपये में मिल सकती है उसे छोटे उद्योगों से उपभोक्ता को 250 रुपये में खरीदना होगा। प्रश्न है कि ऐसा क्यों किया जाए? मेरा मानना है कि हमें इस 50 रुपये के अतिरिक्त खर्च को श्रोजगार टैक्सश्य के रूप में देखना चाहिए। हमारे सामने दो रास्ते हैं। यदि हम बड़े उद्योगों से उत्पादन करायेंगे तो बेरोजगारी बढ़ेगी, अपराध बढ़ेंगे, बेरोजगारी भत्ता देना होगा और अपराध से भी आर्थिक विकास का ह्रास होगा। इन बेरोजगारी भत्ते और अपराध के नियन्त्रण के मूल्य को यदि छोटे उद्योगों को आर्थिक सहायता के रूप में दे दिया जाए तो छोटे उद्योग चल निकलेंगे, उनके द्वारा रोजगार उत्पन्न होंगे और ये खर्च करने की सरकार को जरूरत नहीं पड़ेगी।



## सड़क हादसे में आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता की मौत

देवरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता कमलेश शर्मा की सड़क हादसे में शाम मृत्यु हो गई। वह सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे तभी शहर के सीसी रोड पर तेज रफ्तार ने पीछे से रौंद दिया। पुलिस ने ट्रक समेत चालक को हिरासत में ले लिया। मदनपुर थानाक्षेत्र के महेन गांव के रहने वाले 65 वर्षीय कमलेश शर्मा शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ले में मकान बनवाकर रहते थे। वह परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन के जिला संयोजक थे। शाम करीब चार बजे वह सब्जी मार्केट से सब्जी खरीद कर बाइक से घर लौट रहे थे। अभी वह सीसी रोड पर आदित्य बिल्डिग मैटेरियल की दुकान के समीप पहुंचे थे कि रुद्रपुर की तरफ तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने पीछे से रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रक लेकर चालक भागने लगा। लोगों ने ट्रक को घेरकर चालक को पकड़ लिया और सदर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में लिया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अजय नारायण, जिला कार्यवाह दीपेंद्र, सह विभाग कार्यवाह वीरेंद्र, सह जिला कार्यवाह अजय नारायण तिवारी, राजेश शुक्ला, नीतेश मणि व सत्येंद्र मणि ने दुख जताया है।

## दुर्घटना में पति–पत्नी घायल

खुखुदू, देवरिया। सलेमपुर–देवरिया मार्ग पर परसिया मिश्र चौराहे के समीप देवरिया की तरफ जा रहे बाइक सवार पति पत्नी को आटो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घायलों में डेहरी उर्फ तिलौली गांव के रहने वाले सुरेंद्र यादव व उनकी पत्नी उर्मिला देवी शामिल हैं।

## आकर्षण का केंद्र है सेमरा चंद्रौली का पार्क

भिटौली। परतावल विकास खंड के सेमरा चंद्रौली गांव में मनरेगा से बना पार्क लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। आसपास गांवों के बुजुर्ग व जवान इस पार्क में टहलने पहुंचते हैं, बच्चे झूला झूलते हैं। पार्क के किनारे आकर्षक पौधे लगाए गए हैं। ग्रामीणों की सेहत के लिए ओपन जिम की व्यवस्था की गई है । जिसमें सुबह शाम युवा व्यायाम करते हैं। पार्क सेल्फी सेंटर बन गया है। पार्क में बैठने के लिए बेंच लगाए हैं। बैडमिटन, कबड्डी, खो– खो आदि खेलों के लिए कोर्ट बनाए गए हैं। मनरेगा पार्क की स्थिति यदि अगर चमचमाती हुई नजर आएगी तो ग्राम सभा स्तर पर विकास भी साफ तौर से नजर आएगा। मनरेगा पार्क में लगभग 10 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इस पार्क में सभी की सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। पार्क में लोगों के टहलने की अच्छी व्यवस्था है। मनरेगा के तहत बना पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र है। अन्य ग्राम पंचायतों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। लोगों के लिए लाभदायक है।

## लक्ष्मण चतुर्वेदी, बीडीओ परतावल धूमधाम से निकली मां बनैलिया की शोभायात्रा

नौतनवा। मां बनैलिया समय माता मंदिर के 31वें मूर्ति स्थापना दिवस पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा खनुआ तिराहा, गांधी चौक, जयहिद चौराहा, भगतसिंह चौक, जायसवाल मुहल्ला, हनुमान चौक, अटल चौक, घंटाघर चौक से होते हुए मंदिर पहुंची, जहां विधि विधान से मां की आरती उतारी गई। शोभायात्रा में सबसे आगे मंदिर समिति के सदस्य चल रहे थे। मां बनैलिया की मनमोहक झांकी के दर्शन करने के लिए लोग उमड़े रहे और प्रसाद ग्रहण किया। राधा–कृष्ण, शिव –पार्वती की झांकी निकाली गई। झांकियां देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। राम–जानकी के रूप में सजे हुए बच्चे आकर्षक का केंद्र रहे। मां के नौ रूपों में सजाई गई बच्चियों को देख श्रद्धालु भावविभोर हो रहे। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों व छतों पर लोगों की भीड़ लगी रही। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, संतोष जायसवाल, जनमेजय सिंह, बद्री प्रसाद अग्रहरि, कुनाल सिंह, दयाराम जायसवाल, संजय सिंह, पुजारी जितेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

महराजगंज। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयारियां तेज हैं। पुलिस ने सदर कोतवाली थाना पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ पैदल मार्च किया, लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस के अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों व एसएसबी के जवानों के साथ महराजगंज शहर, नदुआ बागापार, धनेवा व अन्य क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेने और बढ़ चढ़कर मतदान करने का सुझाव दिया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सदर अजय सिंह चौहान, सदर कोतवाल रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, गौरव यादव, शैलेश प्रताप आदि लोग मौजूद रहे। पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह चौहान ने बताया कि पैदल मार्च कर लोगों को अहसास दिलाया गया कि वह सुरक्षित हैं। वह बिना किसी दबाव व प्रलोभन में आए निष्पक्ष मतदान करें। साथ ही गणतंत्र दिवस पर भी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का सहयोग करें।

## शांतिभंग की आशंका में 13825 लोग चिह्नित

महराजगंज। आगामी विधानसभा चुनाव में पुलिस को 13825 हजार लोगों से शांतिभंग का खतरा है। पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसके लिए 13825 लोगों को चिन्हित किया है। इन लोगों से चुनाव में खलल डालने की पुलिस को आशंका है। महराजगंज के 19 थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा इन सभी की रिपोर्ट एसडीएम को भेजी जा चुकी है। जिनमें से 8000 लोगों के अनुबंध पत्र भराए जाने के साथ उन्हें पाबंद किया है। जबकि अभी 5825 ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अनुबंध पत्र दाखिल नहीं किया है। चुनाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों को रोकने और क्रिटिकल बूथों की सुरक्षा के लिए पैरामिलिट्री फोर्स को भी लगाया गया है। एसपी ने चुनाव में बाधा पहुंचाने वालों को रोकने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शांति भंग करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और उन्हे पाबंद किया जा रहा है। चुनाव में खलल पैदा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा व शाहजहांपुर में चुनाव कराने जाएगी देवरिया पुलिस

देवरिया। विधानसभा चुनाव में प्रथम व द्वितीय चरण का मतदान कराने के लिए देवरिया पुलिस गैर जनपदों में जाएगी। मतदान कराने के बाद पुलिस देवरिया लौटेगी। ड्यूटी लिस्ट तैयार कर ली गई है। गैर जनपद में भी मतदान कराने के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पांच फरवरी को प्रथम चरण का मतदान कराने के लिए देवरिया से 718 पुलिसकर्मी आगरा के लिए निकलेंगे, इसमें 70 उप निरीक्षक भी शामिल हैं। जबकि दूसरे चरण का मतदान कराने के लिए शाहजहांपुर के लिए 722 पुलिसकर्मी जाएंगे। जिसमें 51 उप निरीक्षक भी शामिल हैं। इनको चुनाव कराने के लिए ले जाने के लिए परिवहन निगम से बसें मांगी गई है। लूट की घटना को पुलिस ने संदिग्ध बताया सदर कोतवाली के रुद्रपुर रोड पर बेलडाड़ मोड़ के पास सराफा व्यवसायी से करीब 32 लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण लूट लिए जाने की घटना को पुलिस ने संदिग्ध बताया। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज व पूछताछ के बाद घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जो बदमाश लूट की नियत से आएगा, वह जूते उतारकर दुकान में आराम से नहीं जाएगा। दुकानदार लूट के वक्त सिर नीचे कर मुस्कुरा रहा है और अपने बगल में बैठे कर्मचारी शमशेर का पैर दबा रहा है। इसके साथ ही व्यवसायी के उधार लेने के मामले में भी विरोधाभास सामने आया है। जांच में पता चला है कि व्यवसायी ने कई लोगों से आभूषण उधार लिया है। उधार की रकम देने में आनाकानी कर रहे थे। घटना के कुछ देर बाद उधार की रकम मांगने एक कारोबारी गए थे। जिसे सराफा व्यवसायी ने लूट होने की बात कहकर लौटा दिया। घटना के बाद सराफा व्यवसायी ने डायल 112 पर फोन नहीं किया और करीब एक घंटे बाद कोतवाली में पहुंचकर जानकारी दी। 15 व 16 जनवरी को सराफा व्यवसायी ने डायल 112 पर कई बार ट्रायल किया था। फिलहाल जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## डाक्टर, सीएचओ समेत 127 नए कोरोना संक्रमित

देवरिया। जिले में तेजी से कोरोना संक्रमण पांव पसार रहा है। स्वास्थ्य विभाग लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है लेकिन लोग लापरवाह बने हुए हैं। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 127 की रिपोर्ट पाजिटिव है। इसके साथ ही कोरोना के सक्रिय केस की संख्या बढ़कर अब 501 हो गई है। अभी तक कोरोना से जिले में 223 लोगों की मौत हुई है। उधर पाजिटिव आए लोगों के बारे में पता कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उन्हें होम आइसोलेशन में भर्ती करने के साथ ही दवा इलाज देने व उनके संपर्क में आए लोगों की जांच करने में जुटे हैं। पाजिटिव आए लोगों में मेडिकल कालेज के दो डाक्टर, बैंक आफ बड़ौदा के कर्मचारी, सीएचसी भटनी में तैनात एलटी, सीएचसी सलेमपुर में तैनात सीएचओ, सनबीम स्कूल में ठहरे एसएसबी का एक जवान, अर्बन हेल्थ सेंटर चकियवां में तैनात एएनएम समेत कई विभागों के कर्मचारी व अन्य लोग शामिल हैं। गांवों में जहां भी मरीज मिले हैं वहां लोगों को कोरोना से बचाव के लिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जागरूक कर रही हैं। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि आज की कोरोना जांच रिपोर्ट में 127 कोरोना पाजिटिव आए। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिला जेल का बंदी कोरोना पाजिटिव, गोरखपुर रेफर जिला जेल में निरुद्ध एक बंदी की तबीयत खराब थी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। कोरोना जांच में उसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई। उसके सीने व फेफड़े में संक्रमण काफी ज्यादा था। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

# फूलपुर सीट पर पहली बार खुला था भाजपा का खाता

प्रयागराज। प्रयागराज जिले में फूलपुर सबसे हाई प्रोफाइल सीट मानी जाती है। इसका पंडित नेहरू के परिवार से गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन 1970 के दशक की शुरुआत से ही कांग्रेस यहां लगातर कमजोर होती रही है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से नेहरू परिवार के जुड़ाव के चलते फूलपुर विधानसभा क्षेत्र भी वीआईपी सीट मानी जाती है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार यहां जीत दर्ज करने में सफल रही थी। वर्ष 2017 के चुनाव में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 41.94 प्रतिशत वोट पड़े। भाजपा से प्रवीण सिंह ने समाजवादी पार्टी के मंसूर आलम को 26,613 वोटों से हराया था। इसमें प्रवीण को 93,912 एवं मंसूर आलम को 67,299 मत मिले थे। वहीं, फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से केसरी देवी पटेल भाजपा की सांसद हैं। उन्होंने वर्ष 2019 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के पंधारी यादव को हराया था।

आजादी के बाद से 1967 तक फूलपुर विधनसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 1989 में बहुजन समाज पार्टी के रमाकांत जीते तो 1991 में जनता दल को जीत मिली। जनता दल के विधायक रमाकांत यादव ने 1993 में समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और इस सीट से विजयी हुए। 1996 में कांग्रेस के रामनरेश यादव यहां से जीते। वे 2002 में दोबारा विधायक चुने गए। 2007 में इस सीट से समाजवादी पार्टी के अरुण कुमार यादव ने जीत दर्ज की। 2012 में समाजवादी पार्टी के सईद अहमद ने अपनी पार्टी की जीत का सिलसिला बरकरार रखा, लेकिन 2017 में इस सीट पर भाजपा के प्रवीण कुमार सिंह ने अपनी पार्टी का खाता खोला। इससे पहले इस सीट पर भाजपा कभी जीत नहीं पाई थी। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने फूलपुर संसदीय क्षेत्र से तीन बार जीत दर्ज की थी। पंडित नेहरू यहां से 1952, 1957 और 1962 के चुनाव में विजयी हुए थे। वहीं, विधानसभा सीट पर आजादी के बाद से ही 1967 तक कांग्रेस का कब्जा रहा।

फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1977 में जनता पार्टी के पद्‌माकर को 27,238 वोट मिले थे और उन्होंने कांग्रेस के अबुल कलाम को पराजित किया था। अबुल कलाम को 19,317 मत मिले थे। 1980 में अबुल कलाम को सफलता मिली और उन्होंने जनता पार्टी के राम नरेश को हराया। 1985 में आईसीजे के रमाकांत ने कांग्रेस के अबुल कलाम को हरा दिया। 1989 में बसपा का खाता खुला और बसपा से रमाकांत ने पुनः कांग्रेस के अबुल कलाम को पराजित कर दिया। 1991 में रमाकांत जनता पार्टी से चुनाव जीते, उन्होंने भाजपा से नरेन्द्र कुमार को पराजित किया। 1993 में सपा का खाता खुला। रमाकांत सपा से लड़े और भाजपा के अयोध्या प्रसाद को हराया। 1996 में कांग्रेस से रामनरेश यादव ने सपा की रंजना यादव को पराजित कर सीट पर कब्जा किया। 2002 में रामनरेश यादव पुनः जीते, उन्होंने बसपा के राम किशन को हराया। 2007 में सपा के अरुण कुमार यादव ने बसपा के इमरान को हराया। 2012 में सपा से सैयद अहमद ने बसपा से प्रवीण पटेल को हरा कर कब्जा कर लिया, लेकिन 2017 में मोदी लहर के दौरान भाजपा पहली बार जीती। भाजपा उम्मीदवार प्रवीण सिंह ने सपा के मंसूर आलम को हराया। अब 2022 के चुनाव में भाजपा सीट बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हुई है।

## अपर एसडीएम ने किया संवेदनशील बूथों का निरीक्षण

गांगी बाजार। पनियरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर अपर एसडीएम मदन मोहन वर्मा व पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्रों मुजुरी, लक्ष्मीपुर, बसडीला, कुआंचाप, औरहिया, हरखपुरा, डोमरा खास, नरकटहा, गांगी बाजार, सौरहा, हेमछापर, बैजूडेहरा में व्यवस्था देखी। अपर एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान में केंद्रों पर किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील केंद्रों पर स्थानीय पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती रहेगी। खंड विकास अधिकारी डा. सुशांत सिंह, पनियरा थानेदार रामाज्ञा सिंह, चौकी प्रभारी मुजुरी अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक इस्माइल खान आदि मौजूद रहे।

## नहीं जमा हो रहे लाइसेंसी असलहे

महराजगंज। विधान सभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने असलहा जमा कराने का निर्देश जारी कर रखा है, लेकिन जमा करने की गति सुस्त है। जिले में कुल 3899 लाइसेंसी असलहे हैं सिर्फ 2317 ही जमा कराए जा सके हैं। असलहा जमा कराने की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को भेजी जाती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित चुनाव सेल कार्यालय की ओर से थानाध्यक्षों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। लाइसेंसधारक शस्त्र की दुकानों में भी जमा करा सकते हैं। चुनाव सेल प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य ने बताया कि थानाध्यक्षों को लाइसेंसी असलहा जल्द जमा कराने के लिए कहा गया है। असलहा जमा कराने व लाइसेंसधारकों के सत्यापन की जिम्मेदारी बीट पुलिस अधिकारी व हल्का इंचार्ज को सौंपी गई है। सुरक्षा गार्डो को चुनाव के दौरान असलहा रखने की छूट दी जाएगी।

# ईश्वर शरण में चौदह दिवसीय ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स का शुभारम्भ

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक होंगे प्रशिक्षित

प्रयागराज। ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में शुरू हुए चौदह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा के शिक्षकों को अकादमिक लेखन, अनुसंधान विधियों में हुए विकास, प्रकाशन नैतिकता तथा प्रतिभागियों को कई ओपन सोर्स टूल्स का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, जो उनके लिए उपयोगी होगा। मुख्य अतिथि प्रो. प्रभा शंकर शुक्ला ने कहा कि डिजिटल युग में, शिक्षकों को ऐसे संकाय विकास कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेकर अपने ज्ञान को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता है।

पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन ऑन टीचर्स एंड टीचिंग के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर (एफडीसी), ईश्वर शरण पीजी कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स एकेडमिक राइटिंग, रिसर्च मेथोडॉलजी और रिसर्च एथिक्स पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रभा शंकर शुक्ला, कुलपति, नॉर्थ–ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू) ने शोध में अकादमिक लेखन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने अकादमिक लेखन एवं इसे और अधिक प्रभावी बनाने में शामिल महत्वपूर्ण कदमों के बारे में विस्तार से बताया।

इसके पूर्व उद्‌घाटन की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य और संकाय विकास केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर आनंद शंकर सिंह से हुई। उन्होंने अनुसंधान को श्समझने की एक सतत प्रक्रियाश के रूप में परिभाषित किया। कहा, यह हमारे ज्ञान के निरंतर मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है जिससे जीवन की सच्चाई के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है। उन्होंने शोध पद्धति के विभिन्न उपकरणों जैसे हेर्मेनेयुटिक्स और रिलेटिविस्ट एपिस्टेमोलॉजी पर चर्चा की।

कहा कि शोध केवल तथ्यों का संग्रह और व्याख्या नहीं है बल्कि इसका असली उद्देश्य पूर्वाग्रहों से रहित सत्य की प्राप्ति है। उन्होंने भारतीय संदर्भ में अनुसंधान को समझने की आवश्यकता और भारतीय दर्शन और भारतीय ज्ञान और ज्ञान की समृद्ध परम्परा के आधार पर उपयुक्त शोध पद्धति के चयन पर जोर दिया, जो अनुभव को अधिक महत्व देता है। डॉ मनोज कुमार दुबे ने बताया कि इस अवसर पर प्रो वीरा गुप्ता, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए), नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि रही। पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़, असम, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उद्‌घाटन सत्र का समापन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम की संयोजक डॉ रचना सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। संचालन पाठ्यक्रम की सह संयोजक श्रीमती दिव्या पांडे एवं सह संयोजक डॉ नरेंद्र कुमार सिंह ने तकनीकी सहायता प्रदान की। इस दौरान डॉ धीरज कुमार चौधरी, डॉ अनुजा सलूजा, डॉ अमिता पांडे, डॉ शिवजी वर्मा, डॉ विजय तिवारी, डॉ आलोक मिश्रा, विकास कुमार और कॉलेज के कई अन्य संकाय सदस्य और देश भर के प्रतिभागी वर्चुअल प्लेटफॉर्म जूम के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ओम नमः शिवाय के गुरुदेव ने कहा, सबसे बड़ा होता है राष्ट्र धर्म

प्रयागराज। सबसे बड़ा धर्म होता है राष्ट्रधर्म। जब राष्ट्र ही नहीं रहेगा तो कौन धर्म और उसको मानने वाले लोग कहां रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसका धर्म और किसके लिए धर्म है। ऐसे में सभी लोगों को मिलकर पहले राष्ट्र को मजबूत करना चाहिए। ऐसे में सभी जाति बंधन, सामाजिक कुरीतियों और विकृतियों को मन मस्तिष्क से निकाल देना चाहिए।

यह बातें ओम नमः शिवाय के गुरुदेव ने माघ मेला के परेड स्थित त्रिवेणी मार्ग पर लगे शिविर में श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की एक सीमा होती है। सीमा के अंदर सरकार नाम की एक सार्वभौमिक होती है, उसके बाद राष्ट्र का विकास होता है। विकास होने के बाद उसमें मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च बनते हैं तब धर्म शुरू होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से धर्म होता है, धर्म से राष्ट्र नहीं। ऐसे में प्रत्येक भारतवासी को चाहिए कि वह आगे आए और अपने राष्ट्र को मजबूत करके अपने राष्ट्र धर्म को निभाएं।

उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से पूरे विश्व में अशांति, असहिष्णुता और एक ऐसे वर्ग विशेष का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे आने वाले समय में नई मुश्किलें और बढ़ेंगी। ऐसे में सबसे जरूरी है कि सभी मिलकर राष्ट्र को मजबूत करें और उसके धर्म का पालन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार हो वह पहले राष्ट्र को मजबूत करती है। राष्ट्र के मजबूत होने के बाद लोगों के विकास के लिए काम करती है।

उन्होंने बताया कि वह 40 साल से माघ मेला, कुंभ मेला और अर्ध कुंभ मेला में श्रद्धालुओं को खाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। कोविड के पहले और दूसरे चरण में प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या में एक–एक दिन में लाखों लोगों को खाने की व्यवस्था की गई थी।

प्रशासन और पुलिस जो लाखों छात्रों राजस्थान के कोटा और दूसरे प्रदेशों से बसों में भरकर लाई थी या ट्रेनों में भरकर श्रमिकों को लाई थी उन लाखों लोगों को भी रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और निर्धारित स्थानों पर दिन–रात खाना खिलाया गया और नाश्ता दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रकृति अपना सामंजस्य स्थापित करती है।

## श्री गायत्री माता का हुआ भव्य पूजन एवं हवन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के महुआपार पोहिला गांव में श्री गायत्री माता का पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचार द्वारा किया गया। श्री गायत्री मां का पूजन अर्चन मुख्य रूप से यजुर्वेदाचार्य नितेश त्रिपाठी, उदित पाण्डेय, राहुल शर्मा, शिवम पाण्डेय ने वैदिक मंत्रों द्वारा किया। भारत वर्ष हिंदू धर्म और आस्था का प्रतीक है। ऐसे में अप्रवासी भारतीय सत्य प्रकाश तिवारी सिंगापुर में निवास होने की बावजूद भी पोहिला गांव को स्मार्ट सिटी बनाना चाहते हैं और नई तकनीकी शिक्षा की सोच भी रखते हैं। उन्होंने गांव में गायत्री मंदिर श्री हनुमान मंदिर और मुख्य द्वार पोहिला का निर्माण किया।विश्वास और आस्था का ऐसा अलख जगाने पर गांव के लोगों में उनके प्रति उत्साह भरा हुआ है।एस पी तिवारी ने कहा मां गायत्री के आशीर्वाद से मेरे दो लड़के एक स्विटजरलैंड और एक लंदन में कार्यरत हैं। मुझे धर्म और आस्था के प्रति विश्वास है और मैं अपने गांव को सजाना चाहता हूं। इस शुभ कार्य के दौरान गांव के अंकित तिवारी, सोनू शुक्ला, अभिषेक विश्वकर्मा, पिंटू यादव, सुमित तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे तथा लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए आयोजक मंडल का सराहना भी किया।



# अखिलेश राज में दूसरों को रूलाने वाले आज खुद रो रहे

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का मुस्लिम चेहरा समझे जाने वाले आजम खान के पुत्र अब्दुल्ला खान जेल से बाहर आ गए हैं। जन्मतिथि में फेरबदल करके 2017 में रामपुर की स्वार विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने और जीतने वाले अब्दुल्ला का उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव से ठीक पहले जमानत पर जेल से बाहर आना और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा अब्दुल्ला के कृत्य को दरकिनार करके पुनः रामपुर की स्वार विधान सभा सीट से टिकट दिया जाना यह बताता है कि अखिलेश के लिए आजम कितने महत्वपूर्ण हैं। अब्दुल्ला रामपुर की स्वार विधान सभा सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगे तो उनके पिता आजम खान जेल से ही अपनी पुरानी रामपुर विधान सभा सीट से ही चुनाव लड़ेगे।हालात यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव, अब्दुल्ला को प्रेस कांफ्रेस में अपने बगल में बैठाने से भी गुरेज नहीं करते हैं। सपा प्रमुख के रूख को देखकर आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम के तेवर भी तीखे हो गए हैं। वह योगी सरकार के खिलाफ आक्रमक मुद्रा में आ गए हैं। हालांकि अब्दुल्ला जमानत पर छूठे हैं,लेकिन वह ऐसे रिएक्ट कर रहे मानों उन्होंने योगी सरकार के खिलाफ बहुत बड़ी जंग जीत ली हो,जबकि अब्दुल्ला मुख्यमंत्री योगी के चलते नहीं



जन्मतिथि में फर्जी बाढ़ा करके 2017 विधान सभा चुनाव लड़ने की वजह से गए थे।फर्जी जन्मतिथि प्रमाण पत्र विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर 2018 को अब्दुल्ला आजम को भ्रष्ट आचरण का दोषी माना था और उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी और जमानत देने से भी मना कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ अब्दुल्ला सुप्रीम कोर्ट गए, वहां अब्दुल्ला आजम खान को थोड़ी राहत मिली,अब्दुल्ला को जमानत नहीं देने की मांग वाली उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है और उन्हें जमानत दे दी।यहां यह बताना भी जरूरी है कि कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट से ही अब्दुल्ला आजम खान को बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम खान के निर्वाचन रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में जेल में बंद सपा सांसद आजम खान की पत्नी डॉक्टर तंजीन फातिमा और उनके बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया था। आजम खान करीब 11 महीने से अपने परिवार के साथ सीतापुर की जेल में बंद थे। उनकी पत्नी विधायक डा तंजीन फातिमा कुछ समय पहले ही जेल से छूटी हैं, अब सुप्रीम कोर्ट से उनके बेटे अब्दुल्ला को भी जमानत देकर राहत दे दी है।जेल से बाहर आते ही अखिलेश ने अब्दुल्ला के सिर पर अपना हाथ रख दिया।अखिलेश के हाथ रखते ही अब्दुल्ला? योगी सरकार पर हमलावर हो गए हैं। गत दिनों रामपुर में समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वो अपने पिता को याद करके रोने लगे।पिता आजम खान के साथ जेल में गुजारे गए 23 महीने का जिक्र करते हुए अब्दुल्लाह आजम भावुक हो गए और उनकी आंखों में आंसू आ गए। वहीं आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के आंसुओं को सियासी बताते हुए आरोप लगा रहे हैं,जब समाजवादी सरकार में आजम दूसरों को रूलाते थे, सबको अपशब्द कहते थे,जल निगम में भ्रष्टाचार करते थे,महिलाओं के अंदरूनी कपड़ों का रंग बताते थे,अधिकारियों से जूते में पालिश करने की बात करते थे,जौहर वि0वि0 बनाने के नाम पर गरीब लोगों को डरा ध्मका कर उनकी जमीन की लिखा पढ़ी करा ली तब उन्हें क्यों नहीं रोना आया।यदि तब अब्दुल्ला रोते तो शायद उनके पिता के पाप का घड़ा इतना नहीं भरता।आजम खान के बुरे दिन तब शुरू हुए जब प्रदेश में योगी सरकार बनी। जिन लोगों को आजम ने अपने रसूख से दबा रखा था,वह बाहर निकल कर उनके कारनामों का राजफाश करने लगे,इसके बाद योगी सरकार ने भी उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश की सियासत में आजम खान कभी बहुत बड़ा नाम हुआ करता था, लोग उन्हें सुपर सीएम कहकर बुलाते थे। आजम की तुनकमिजाजी का यह हाल था कि कई बार उनकी सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से भी खटपट हो जाया करती थी। आजम खान रामपुर से आते हैं और उन्हीं की वजह से रापमुर कई वर्षो से समाजवादी पार्टी का गढ़ रहा है। आजम खान यहां से नौ बार विधायक बने हैं। 2017 में जब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल की तो आजम खान ने भाजपा के शिव बहादुर सक्सेना को 47,000 मतों से हराकर अपनी रामपुर सीट बरकरार रखी थी। 2019 में उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और इस चुनाव में भी उन्हें जीत मिली। रामपुर विधानसभा सीट खाली करने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी को उप–चुनाव लड़ाया।

उन्होंने भी जीत हासिल की। आजम खान पहली बार जनता दल (सेक्यूलर) से 1980 में इस सीट से विधायक बने। इस सीट पर उनकी बादशाहत लगातार 1996 तक कायम रही। इस दौरान उन्होंने लोक दल, जनता दल, जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। उत्तर प्रदेश की 13वीं विधानसभा के चुनाव में रामपुर सीट से अफरोज अली खान को जीत मिली थी। इसके बाद फरवरी 2002 में फिर आजम खान ने की वापसी। वह लगातार 2019 तक इस सीट से विधायक बने रहे। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी को इस सीट से चुनाव लड़ाया और वह तजीन फातिमा विधायक बनीं। 2019 के उपचुनाव में तजीन फातिमा को 79,043 वोट मिले थे। वहीं, बीजेपी के भरत भूषण के खाते में 71,327 मत आए थे। इस उपचुनाव में बीजेपी को फिर हार का ही सामना करना पड़ा। भाजपा के यूपी की सत्ता में आने के बाद आजम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 100 से अधिक आपराधिक मामलों दर्ज किए थे,जिसके बाद फरवरी 2020 से वह जेल में बंद हैं। आजम की पत्नी तंजीन और बेटे अब्दुल्ला को भी जेल में रखा गया था, क्योंकि उन्हें उनका सह–आरोपी बनाया गया था। आजम खान की पत्नी तंजीन फातिमा दिसंबर 2020 में जमानत पर बाहर आईं।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा संपन्न कराने कि सभी की जिम्मेदारी: जिलाधिकारी श्रुति

## स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक व सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में 06 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होने वाले शिक्षक पात्रता परीक्षा–2021 को शुचितापूर्ण, नकलविहीन, शांतिपूर्ण तथा पारदर्शिता पूर्ण रुप से संपन्न कराए जाने हेतु नियुक्त मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक की बैठक जिला अधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने बताया कि जनपद में शिक्षक पात्रता परीक्षा,06 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों प्रथम पाली 10.00 से 12.00 बजे तथा द्वितीय पाली 2रू30 से 5रू00 तक आयोजित होगी। प्रथम पाली में 3728 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में 2399 परीक्षार्थी शिक्षक पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होंगे।उन्होंने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन, शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु 3 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 18 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।शिक्षक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, शुचिता पूर्ण, सकुशल रुप से संपन्न में कराए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी को ओवरऑल इंचार्ज बनाया गया है।उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रध्कक्ष में सीसीटीवी कैमरा आदि क्रियाशील अवस्था में है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर डेढ़ घंटे पूर्व अवश्य पहुंच जाएं जिससे कि परीक्षा



कक्ष में प्रवेश करने में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधे घंटे पूर्व के उपरांत प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों के पास पहचान पत्र अवश्य हो।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेटध् मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि सभी मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का भ्रमण व केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक कर ले। परीक्षा की तिथि पर सभी मजिस्ट्रेट तैनाती वाले परीक्षा केंद्र पर भ्रमणशील रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर थर्मल स्कैनर, पल्स ऑक्सीमीटर, सैनिटाइजर आदि पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था तथा कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा । किसी भी अभ्यर्थी के पास परीक्षा केंद्र के भीतर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन इत्यादि ना हो यह स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेटध् मजिस्ट्रेट शुचितापूर्ण,सकुशल नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, क्षेत्राधिकारी बलरामपुर, समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, चंदन पांडे,प्रदीप पांडे कार्यालय डीआईओएस, प्रधानाचार्य एमपीपी इंटर कॉलेज, केंद्र व्यवस्थापक व अन्य संबंधित अधिकारीध् कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिपरा दुर्गा नगर में शुरू हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। विकासखंड गैसड़ी के ग्रामपंचायत



पिपरा दुर्गानगर के लैबुडवा नाले पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के सम्मान के साथ बड़ी धूमधाम से हुआ, उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि विनय मिश्रा श्बब्लूश् प्रधान प्रतिनिधि रहे। मुख्य अतिथि ने टूर्नामेंट के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिवक्ता सत्यप्रकाश त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल वर्मा, चमन, संत कुमार बीडीसी, रोजगार सेवक लीलाराम, टूर्नामेंट कोषाध्यक्ष आकाश, विकाश मिश्रा, टूर्नामेंट उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, बंशीधर मिश्रा, मुख्य सलाहकार दुर्गेश, मुख्य सचिव दीपू वर्मा, निर्णायक वेदप्रकाश तिवारी, जवाहर वर्मा, तेजे यादव, विक्रम वर्मा, कॉमेंटेटर ब्रह्मदेव, अनीस यादव व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।टूर्नामेंट में उपस्थित हुए सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# सरकारी अस्पताल के सामने दूसरे सरकारी डॉ के निजी प्रैक्टिस पर जनाक्रोश

## ग्रामीणों ने जांच कराकर की कार्यवाही की माँग

प्रयागराज। जनपद के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नारी बारी वर्तमान समय में सुर्खियो में रहकर जनता को गुमराह करने एवं जनता के सुविधाओं से वंचित करने का आरोप क्षेत्रीय जनों ने लगाकर जांच और कार्यवाही की माँग की है।

नारी बारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश सिंह की नियुक्ति है। जहां सरकारी दवाएं एवं स्टाफ की मौजूदगी भी रहती है।

सरकारी हास्पिटल मार्ग पर सरकारी अस्पताल के सामने एक दूसरे जगह पदस्थ सरकारी डॉ भैया लाल पटेल का एक निजी मेडिकल स्टोर पर प्रैक्टिस करना कुछ लोगों को नागवार गुजर रहा है। धीरज कुमार ने आरोप लगाया कि सरकारी हास्पिटल में इलाज कराने जा रहा था तो कुछ लोगों रास्ते में गुमराह कर निजी प्रैक्टिस करने वाले सरकारी डॉक्टर के यहां इलाज कराया। जहां मुझे सरकारी दवाओं की सुविधा निःशुल्क नहीं मिली। ऐसे आम नागरिकों के साथ होता होगा, जो एक प्रकार से आमजन का शोषण है। इसी तरह कई लोगों ने आरोप लगाकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

चिकित्साधिकारी नारी बारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि दो–तीन बार व्यक्तिगत तौर पर मिलकर डॉ भैया लाल पटेल को मैने आगाह किया, पर सीनियर हैं हम क्या कर सकते हैं।

ब्लॉक अधीक्षक शंकरगढ़ डॉ शैलेंद्र सिंह ने कहा हॉस्पिटल के सामने प्रैक्टिस करना व सरकारी हॉस्पिटल जा रहे मरीजों को गुमराह करना गलत है। जांच कराकर उचित कार्यवाही को भेजा जाएगा।

डॉ. भैयालाल पटेल ने कहा शंकरगढ़, जसरा, चाका आदि जगहों पर भी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। किसी को कोई दिक्कत नहीं है। एक के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। सीएमओ नानक सरन ने बताया कि मैं अभी अस्वस्थ हूँ। ठीक होने पर यदि सरकारी डाक्टर है तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

# राजनैतिक दलों को राजनीतिक विज्ञापनों के लिये लेना होगा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से आदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र रूप से संपन्न कराए जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के तहत राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन के दौरान टीवी चौनल,केबल नेटवर्क, एफएम चौनल, सोशल मीडिया वेबसाइट



आदि पर प्रसारित किए जाने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन हेतु जनपद स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। जिसकी बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।अपर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल के घोषित प्रत्याशी या कोई निर्दलीय प्रत्याशी को सोशल मीडिया, टीवी चौनल, एफएम चौनल आदि प्लेटफार्म पर राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण हेतु जनपद स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से पूर्व प्रमाणन अवश्य कराएंगे। उन्होंने बताया कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति पेड न्यूज के मामले इत्यादि पर भी निगरानी रखेगी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज पाए जाने पर संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अभ्यर्थी को नोटिस दिया जाएगा।बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक तुलसीपुर श्रीमती ज्योति, अपर उपजिलाधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर गैसड़ी ओम प्रकाश, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सदस्य एमसीएमसी अजय श्रीवास्तव, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी आशुतोष कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिद अहमद, मुन्नालाल वरिष्ठ सहायक निर्वाचन व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया परेड का निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात सम्पूर्ण पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर क्वार्टर गार्ड, स्टोर रुम, कैण्टिन आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन राजकुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने कोविड टीकाकरण के लिए महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय



ओबरा सोनभद्र के एनसीसी कैडेट्स द्वारा बटालियन के आदेशानुसार दिनांक 19 एवं 20 जनवरी को महाविद्यालय में वृहद स्तर पर 15 से 18 वर्ष के छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित कोरोना से मुक्ति के लिए टीकाकरण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत ओबरा नगर में रैली निकालकर 15 से 18 वर्ष के बच्चों को जागरूक किया एवं महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर 15 से 18 वर्ष के छात्र छात्राओं को कोविड वैक्सीनेशन के विषय में विस्तृत जानकारी दिया । 15 से 18 वर्ष के छात्र छात्राओं को कोविड वैक्सीनेशन हेतु एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में पोस्टर एवं बैनर लेकर रैली निकाली, रैली का नेतृत्व सीनियर अंडरऑफिसर दीपक, वर्षा एवम गौरी ने किया। एनसीसी कैडेट्स ने समस्त जागरूकता कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संपादित किया। समस्त कार्यक्रम एनसीसी एएनओ डॉ सुनील कुमार के देख रेख में सम्पन्न हुए।

## सूचना

मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक नं 2100 385 वर्ष 2006 वास्तव में कहीं खो गया है।

**रघुनाथ पासवान**
**पुत्र पीताम्बर प्रसाद**
**ग्राम भरमी पोस्ट बघेली**
**जिला सिद्धार्थनगर (उ.प्र.)**

# संरक्षित गोवंशों के भरण–पोषण हेतु चारा, दाना, पानी व ठण्ड से बचाव हेतु तिरपाल की भी व्यवस्था की गयी है:जेएन पाण्डेय

हरदोई।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेएन पाण्डेय ने बताया है कि बेहटागोकुल विकास खण्ड टोडरपुर के ग्राम शिरोमणिनगर स्थित जिला पंचायत द्वारा संचालित कांजीहाउस में किसानों के सहयोग से लगभग 85 निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों को इकद्ठा किया गया है। कांजीहाउस में संरक्षित गोवंशों के भरण–पोषण हेतु ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा चारा, दाना, पानी व ठण्ड से बचाव हेतु तिरपाल की भी व्यवस्था की गयी है। ग्राम शिरोमणिनगर में ही अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाएगा, जिसमें कांजीहाउस के अतिरिक्त गोवंशों को संरक्षित किया जाएगा।

बिलग्राम विकास खण्ड के ग्राम पंचायत हैबतपुर में अस्थाई पशुवाड़ा में 35 गोवंश संरक्षित किए गए थे। जिन्हे नजदीक में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल वरगावां में शिफ्ट कर दिया गया है। गोपामऊ मे 16, जनवरी, को किसानों के सहयोग से स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्थाई रूप से प्रोसेसिंग प्लांट में लगभग 75 मवेशियों को इकट्ठा कर दिया गया था, जिन्हे पशु चिकित्सा अधिकारी गोपामऊ, ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के सहयोग से अस्थाई पशुवाड़ा बाबूपुर कचनारी में संरक्षित किया गया था।

संरक्षित गोवंशों को कान्हा गोशाला गोपामऊ में शिफ्ट कर दिया गया है, जिनके भरण–पोषण हेत् चारा–दाना, पानी व ठण्ड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था है। विकास खण्ड साण्डी के ग्राम पंचायत श्रीमऊ, सठियामऊ, बरौली, चौसार, दसौली कुल 05 ग्राम पंचायतों में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ हो गयी है। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही शेष निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों को संरक्षित किया जाएगा। कुछ प्रकरणों में यह भी तथ्य जांच में प्रकाश में आया है कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा अपने पालतू पशु को इकट्ठा कर प्रशासन पर दबाव बनाने हेतु छुट्टा पशु के रूप में दिखाकर पशु आश्रय स्थलों में भरने के प्रयास किए जा रहे है। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध एफआईआरध्विभिन्न सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही भी की जा रही है।

# बाग में खड़ी जली हुई कार में दो जले हुए शव मिले

## पुलिस हत्या और हादसा के एंगिल से पूरे मामले की तहकीकात में जुटी

हरदोई। जिले में बीती देर शाम एक बाग में पूरी तरह से जली हुई कार के अंदर दो शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जली हुई कार में दो शव होने की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और पुलिस अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं कि घटना हत्या है या हादसा। वहीं दो लोगों के कार सहित लापता होने के बाद उन्ही दोनों लोगों के कार में जिंदा जलने की आशंका जताई गई है। पुलिस फिलहाल जली हुई कार और जले हुए शव को लेकर शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।दोनों शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और डीएनए जांच के निर्देश दिए गए हैं। शाहाबाद कोतवाली इलाके के नर्मदा ताल से करीमनगर जाने वाली मार्ग पर असद के बाग में बीती शाम कुछ लोगो ने एक जली हुई अल्टो कार देखी। जली हुई कार के अंदर दो जले हुए शव देखने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बाग में खड़ी जली हुई कार की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो कार के अंदर आगे सीट पर दो बुरी तरह जले हुए शव बरामद हुए। कार और शव इतनी बुरी तरह जले हुए थे कि उनकी पहचान कर पाना भी मुश्किल था। पुलिस ने जब शिनाख्त का प्रयास किया तो पता चला कि शाहाबाद कस्बे के रहने वाले 65 साल के निर्मल शर्मा और उनके बगल में रहने वाला 32 साल का आनंद कुमार शर्मा कल से लापता है। निर्मल शर्मा सोने चांदी का व्यवसाय करते हैं जबकि आनंद गन्ना विभाग में नौकरी करता है। परिवार वालों ने बताया कि आनंद शर्मा और निर्मल शर्मा का आपस में काफी आना जाना था और कल आनंद निर्मल के यहां जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद से दोनों लोग नहीं लौटे। पुलिस के मुताबिक,अल्टो कार निर्मल शर्मा के पास थी, ऐसे में दोनों लोगों के कार में जिंदा जल जाने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, घटना हत्या है या हादसा इस बात की जानकारी पोस्टमार्टम होने के बाद हो पाएगी। पुलिस ने दोनों के मोबाईल नंबर की सीडीआर निकलवा कर जांच में जुटी हुई है पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि एकांत में बाग में आने की वजह क्या है।फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने पुख्ता पहचान के लिए दोनों शवों की डीएनए जांच के भी निर्देश दिए हैं।

# जनपद में 1000 से अधिक ऐक्टिव केसेज होने पर डीएम ने जारी किए नए दिशा–निर्देश : अविनाश कुमार

हरदोई।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त वर्तमान में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत ग्रेडेड रिस्पान्स हेतु जनपद में 1000 से अधिक ऐक्टिव केसेज होने पर नए दिशा–निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होने बताया है कि वर्तमान में इस जनपद में 19 जनवरी तक कोरोना संक्रमण के 1000 से अधिक ऐक्टिव केसेज होने पर धार्मिक संस्थाओं एवं ध ार्मिक स्थानों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये। पुरातत्व विभाग के स्मारक, वन्य प्राणि उद्यान एवं क्लब में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये। स्वीमिंग पुलध्वाटर पार्क एवं जिम बन्द रहेगें। रेस्टोरेंटध्होटल के रेस्टोरेन्टध्फूड ज्वाइंट्स एवं सिनेमा हाल 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ संचालित होगें। इनमें भी कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एव मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये। रात्रि कालीन कर्फ्यू रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक लागू रहेगा। आईटी एवं आईटीईएस से सम्बन्धित निजी कम्पनियाँ वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था को लागू करना प्रोत्साहित करेगी। शादी समारोह व अन्य आयोजनों में व्यक्तियों की उपस्थिति शर्तोंध्प्रतिबन्धों के अनुसार रहेगी। बन्द स्थानों में एक समय में अधिकतम 100 से अधिक आमत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता,दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। खुले स्थानों पर एक समय में ग्राउण्ड की क्षमता के 50 प्रतिशत तक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। जनपद हरदोई में इन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# जिला ओडीएफ फिर भी सामुदायिक शौचालय अधूरे

हरदोई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम सभा में ग्रामसभा को खुले में शौच मुक्त कराने के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाये गये थे। परंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते विकास खण्ड कछौना के एक दर्जन सामुदायिक शौचालय अधूरे पड़े हैं। यह लाखों रुपए की कीमत के सामुदायिक शौचालय शोपीस बने हैं। ठेकेदारों ने मानकों को ताक पर रखकर की पीला ईंट का उपयोग,मसाला मानक विहीन लगाकर निर्माण कार्य कराकर खानापूर्ति की गई है। इसके कारण आम नागरिकों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि इनके रखरखाव के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को केयर टेकर के रूप में तैनात किया गया है। जिसे प्रतिमाह छः हजार मानदेय दिया जा रहा है। वही रखरखाव व साफ–सफाई की सामग्री के लिए तीन हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार,विकास खण्ड कछौना की ग्राम सभा बर्राधूमन,पुरवा,समसपुर, बरौली,कामीपुर, बिबियापुर (महरी)व क्षेत्र पंचायत से स्वीकृत ग्राम सभा कुकुही व ब्लॉक परिसर व कोतवाली कछौना परिसर में विद्युत व्यवस्था का अभाव,समर सेविल का अभाव, हैण्डपंप की चट्टान का अभाव, शौचालय के मानक विहीन गड्ढे व सोख्ता गड्ढा का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि भारत सरकार की टीम द्वारा चुनिंदा सामुदायिक शौचालयों का स्थलीय निरीक्षण कराकर खानापूर्ति की गई है।

वहीं जमीनी हकीकत में अधिकांश सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। जिम्मेदारों द्वारा लाखों रुपए की धनराशि को बंदरबांट कर किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कराकर दोषी लोगों पर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

## शराब पीने से मना करने पर चचेरे चाचा ने तमंचे से भतीजे को गोली मारी हुआ घायल

हरदोई।थाना क्षेत्र के मिरकापुर गांव में शराब पीने से मना करने पर चचेरे चाचा ने भतीजे को अपने घर ले जाकर तमंचे से गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया।जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घायल के भाई की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध जानलेवा हमले के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हरपालपुर थाना क्षेत्र के मिरकापुर गांव निवासी श्यामा 35 वर्ष पुत्र भभूति शाम 8 बजे अपने घर पर चाय पी रहा था। तभी उसका चचेरा चाचा धमैद्र उसे अपने घर बुलाकर ले गया और उसे शराब पीने के लिए कहने लगा। मना करने पर गुस्से में तमंचे से उसके बायें कंधे पर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया। डॉक्टर ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है।प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि घायल के भाई रामू की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# धर्मांतरण पर विश्व हिंदू परिषद हुआ मुखर,पुलिस आयुक्त से की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## मामले की जांच पुलिस आयुक्त ने क्राइम ब्रांच को सौंपी

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत केशव पुरम में रहने वाले फर्नीचर कारीगर धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी स्मिता और चार साल के बच्चे पर इस्लाम धर्म ग्रहण का दबाव बनाया था। अब इस मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। धर्मांतरण के मामले में अब विश्व हिन्दू परिषद ने कमान संभाल ली है। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त छात्र सम्पर्क प्रमुख प्रिंस राज श्रीवास्तव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा से मुलाकात कर बताया कि इस वक्त कल्याणपुर इलाके में एक बड़ा गैंग लोगों के धर्मांतरण का काम कर रहा है। कुछ सदस्यों को संगठन वह स्वयं जानता हैं।

साथ ही बताया कि धर्मांतरण गिरोह पैसा देने के साथ ही नशे का आदि बनाकर गैंग के सदस्य लोगों को इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतिनिधिमंडल के साथ आये पीड़ित पक्ष ने पुलिस आयुक्त से इस गैंग के सदस्यों को पकड़कर जल्द कार्यवाही की मांग की है नहीं तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगा।

वही पूरे मामले में पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एक महिला द्वारा उसके पति पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया था इस मामले में पुलिस ने धर्मेंद्र श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार मामले में जांच के दौरान कुछ अहम बिंदु छोड़े गए हैं जिन पर अब क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है साथ ही पति धर्मेंद्र की सीडीआर रिपोर्ट निकाल कर उससे बात करने वाले लोगों सभी पुलिस पूछताछ करेगी। वहीं इस मामले में फर्नीचर कारीगर के साले विकास श्रीवास्तव एडवोकेट ने कल्याणपुर थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए है।अधिवक्ता ने बताया कि,उन्होंने थाना प्रभारी को कुछ मोबाइल फोन नंबर और नाम दिए थे जिसका सीधा कनेक्शन अजमेर से है। लेकिन,थाना प्रभारी ने पति–पत्नी का विवाद बताकर पल्ला झाड़ लिया और आगे कोई कार्रवाई नहीं की।

## मवेशी को चारा देने जा रही किशोरी के साथ युवक ने किया रेप,आरोपी फरार

कानपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शाम मवेशी को चारा देने जा रही किशोरी के साथ पड़ोस के ही एक युवक ने रेप किया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक पर रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता ने बताया कि सुबह वह पत्नी के साथ खेतों में मजदूरी करने गया था। घर में उसकी 16 वर्षीय बेटी अकेली थी। शाम करीब 4 बजे उसकी बेटी अपने मवेशियों को चारा देने जा रही थी,तभी पड़ोसी अनुज उर्फ मंदन ने बेटी को पीछे से पकड़ लिया और पास के एक खेत में ले गया, जहां उससे रेप किया। इसके बाद फरार हो गया। देर शाम परिजनों के घर लौटने पर लड़की ने आपबीती बताई तो . .सुबह पिता उसे लेकर कोतवाली पहुंचा। इंस्पेक्टर रामबहादुर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लड़की को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## मोबाइल चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश,नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार,102 मोबाइल फोन बरामद

कानपुर। झारखंड से आकर शहर में वारदातों को अंजाम दे रहे मोबाइल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। डीसीपी साउथ की अगुवाई वाली स्वाट टीम ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के 102 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बर्रा थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि काफी दिनों से सब्जीमंडी और बाजारों में मोबाइल चोरी हो रहे थे।पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी, तभी मंगलवार रात बर्रा पांच सब्जीमंडी से प्रोफेसर की पत्नी अपर्णा मिश्रा का मोबाइल चोरी कर भागते हुए लोगों ने उसे पकड़ा था। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने खुद को झारखंड का रहने वाला बताया। पूछताछ में उसने अपने दो साथी गौतम और रेहान बताए। वो लोग क्षेत्र के एक मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। मकान मालिक को उन्होंने खुद को मजदूर बताया था। देर रात डीसीपी साउथ रवीना त्यागी की साउथ की स्वाट टीम के साथ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बर्रा सात के पास से दोनों को दबोच लिया।उनकी निशानदेही पर कमरे से 102 मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह बाजार, सब्जीमंडी और भीड़भाड़ वाले स्थान पर मोबाइल चोरी करते थे। इससे भीड़ के बीच आसानी से भाग निकलते थे। पुलिस तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## मादक पदार्थों को इधर से उधर करने वाले नाबालिग कैरियर की निगरानी शुरू

कानपुर। विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब के अलावा क्राइम ब्रांच और पुलिस ने मिलकर मादक पदार्थों को इधर से उधर करने वाले नाबालिग कैरियर की निगरानी शुरू की है। जो बच्चे इसमें लिप्त हैं, उनके बारे में पता किया जा रहा कि वह वर्तमान में क्या कर रहे हैं। अब तक की जांच में पता चला कि इस धंधे में बाल सुधार गृह से छूटे बच्चे हैं। उनमें से आधे छोटे मोटे कामों में लग चुके हैं। खुफिया इनपुट के मुताबिक,इस बार चुनाव में अवैध शराब के साथ मादक पदार्थ की सप्लाई भी ज्यादा होनी है। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले नालाबिगों का रिकार्ड देखा गया। इसमें 255 लोगों बच्चे चिन्हित किए गए थे,जो मादक पदार्थ की सप्लाई में बाल सुधार गृह भेजे गए थे। इनमें से आधे बच्चों की समीक्षा के दौरान जानकारी मिली है कि अब वह यह काम नहीं कर हे हैं। बाकी 128 बच्चों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच अधिकारी के मुताबिक इनमें से जो भी इस धंधे में लिप्त हैं उनके जरिए इसकी तस्करी करने वालों तक पहुंचा जाएगा। उन सभी को जेल भेजा जाएगा।

# अचानक 5 फीट धंस गई सड़कः ईदगाह चौराहे पर रेड सिग्ननल ने बचा ली लोगों की जान

## एक तरफ की रोड ब्लॉक,करीब 15 दिन तक रहेगा रुट डायवर्ट

कानपुर। कानपुर में शहर के व्यस्त चौराहों में से एक ईदगाह चौराहे में बड़ा हादसा हो गया। हालांकि,अच्छी बात यह रही कि रेड सिग्नल होने की वजह से राहगीर रुके हुए थे,जिससे उनकी जान बच गई। .दोपहर करीब एक बजे के आस–पास सड़क एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। हालांकि,हादसे से कुछ सेकेंड पहले ही चौराहे लगा सिग्नल रेड हो गया,जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान बच गई। वहीं,सड़क धंसने के बाद एक तरफ की रोड को ब्लॉक कर दिया गया है।

सड़क धंसने के बाद रूट डायवर्टः बताते चलें कि कानपुर में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है । रोड धंसने की वजह से पूरे दिन जाम में लोगों को जूझना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने सड़क को बंद कर ट्रैफिक को ब्रह्म नगर चौराहा की तरफ डायवर्ट कर दिया। सड़क धंसने की सूचना के बाद पुलिस ने धंसने वाली जगह को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया। डाट नाला धंसने से बैठी सड़कः जलकल जोन–4 के ईओ एसके गुप्ता ने बताया कि डाट नाला के नीचे लीकेज होने की वजह से रोड बैठ गई है। डाट नाला की मरम्मत का काम जल्द शुरू किया जाएगा। काम को पूरा करने में करीब 15 दिन से ज्यादा का वक्त लग सकता है। इसके बाद सड़क का निर्माण किया जाएगा, तब तक लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। बताते चलें कि कानपुर में डाट नाला धंसने से पहले भी कई सड़कें धंस चुकी हैं। इससे पहले 80 फीट रोड का बड़ा हिस्सा धंस गया था। इसे बनाने में कानपुर नगर निगम को करीब तीन महीने का वक्त लगा था। बीते दिनों सीसामऊ नाले का हिस्सा भी धंस गया था। इस वजह से धंस रही सड़कें: कानपुर में पुराने बसे शहर में कई दशक पुरानी सीवर लाइनें गुजर रही हैं। कई बार इनमें बहाव अधिक होने से कई जगहों से लाइनों में लीकेज हो जाता है। इन लाइनों से लगातार रोड के अंदर ही अंदर तेज बहाव में मिट्टी का कटान शुरू हो जाता है। अंत में रोड का बड़ा हिस्सा बैठ जाता है।

## कपड़ा कारोबारी की दुकान का कर्मचारी ने करीब 9 लाख की नकदी की थी चोरी,गिरफ्तार

कानपुर। थाना बेकनगंज के रेडीमेड मार्केट में बीती 17 जनवरी को कपड़े की दुकान व गोदाम में करीब 9 लाख की नकदी चोरी हो गई थी। दुकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने मकुदमा दर्ज करते हुए महज 48 घन्टे में शातिर को दबोचकर चोरी गई पूरी नकदी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। बेकनगंज निवासी कपड़ा कारोबारी मो.इसरार अहमद ने पुलिस को बताया कि,17 जनवरी की रात को उनकी दकुान में रखी करीब 9 लाख की नकदी चोरी हो गई है। चोरी की बड़ी घटना की जानकारी होते ही पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना ने डीसीपी ईस्ट प्रमोद कुमार को स्पेशल टीमें लगाकर घटना जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिये थे। इस पर पुलिस ने सर्विलांस से लेकर मुखबिर तंत्र को लगाया।

## धार्मिक उन्माद भड़काया या लोगों को मतदान से रोका तो पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से लगेगी रोक

कानपुर। अगर किसी प्रत्याशी ने धार्मिक उन्माद भड़काया या लोगों को मतदान से रोका तो उसे पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में दोषी उम्मीदवारों पर दोष सिद्ध होने पर यह कार्रवाई होगी। आरओ और एआरओ को पूरी जानकारी दे दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने बताया कि आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस बार चुनाव में आचार संहिता का पालन कराने को सख्ती की है। इसका उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार या पार्टी के पदाधिकारी, अगर निर्धारित समय में नोटिस का जवाब नहीं देते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं। इसलिए संभावित प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। जिला निर्वाचन विभाग ने सभी राजनीतिक दलों को पत्र की जानकारी दे दी है। ऐसे में सभी दलों के पदाधिकारियों से कहा गया कि वे अपने उम्मीदवारों को बता दें कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न करें। यह है गाइडलाइन : किसी भी सार्वजनिक स्थल पर दीवार में कुछ लिखाना,बिना अनुमति के होर्डिंग लगाना,धार्मिक भावनाओं को भड़काना और लोगों को मतदान से रोकना चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। निर्धारित सीमा से अधिक धन व्यय करना और व्यय का लेखा–जोखा न देना भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

# माखी में वैक्सीनेशन अभियान की जानी डीएम ने हकीकत

## कोविड वैक्सीनेशन अभियान में लाएं तेजी : डीएम

उन्नाव निरीक्षण के दौरान डीएम ने अब तक हुए वैक्सीनेशन की स्थिति जानी बतादे उन्नाव जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने माखी गांव का निरीक्षण कर कोविड वैक्सीनेशन अभियान की हकीकत परखी। उन्होंने निर्देश दिए कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही न बरतें। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को वैक्सीन लगाई जाए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखी में बनाए गए बूथ में कोविशील्ड के 12 डोज, कोवैक्सिन के 08 डोज लगाए जा चुके थे। जबकि पंचायत भवन माखी में कोविशील्ड के 40 डोज, कोवैक्सिन के 10 डोज, गंगा सिंह परमहंस इंटर कॉलेज माखी में कोविशील्ड के 8 डोज, कोवैक्सिन के 36 डोज लग चुके थे। डीएम रवींद्र कुमार ने बूथ पर मौजूद लोगों से कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुये कहा कि 15 वर्ष से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सभी का टीकाकरण हो जाना चाहिए। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन्हे कोविड टीकाकरण की दूसरी डोज लगनी है उनके लिये सभी टीमें सूची बनाकर लोगों को चिन्हित करके टीकाकरण करायें।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# बच्चों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं ये पेय पदार्थ, जानिए इनकी रेसिपी



आजकल मार्केट में ऐसे कई पेय पदार्थ मौजूद हैं, जिनकी पैकिंग पर हेल्दी और न्यूट्रीशियस जैसे शब्द लिखे होते हैं। हालांकि, इनमें से अधिकतर पेय पदार्थों में आर्टिफिशियल फ्लेवर्स या फिर आर्टिफिशियल रंग के साथ–साथ कई चीजें शामिल होती हैं, जो कि बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे पेय पदार्थों की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

टैंगी इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक

इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और कई विटामिन्स से समृद्ध होती हैं, जो बच्चों की सेहत के लिए लाभदायक हैं। घर पर टैंगी इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक बनाने के लिए सबसे पहले एक जार में आधा कप ताजा संतरे का जूस, एक चौथाई कप ताजा नींबू का रस, दो कप फिल्टर पानी या फिर नारियल का पानी अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण में दो चम्मच शहद और एक चुटकी काला नमक मिलाएं, फिर बच्चे को इसका सेवन करवाएं।

कूल कोकोनट ड्रिंक

कूल कोकोनट ड्रिंक की मुख्य सामग्री नारियल पानी है, जो विटामिन–सी, फाइबर, कैल्शियम और आयरन जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसलिए इससे बने पेय पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। कूल कोकोनट ड्रिंक बनाने के लिए एक जार में तीन कप नारियल का पानी, एक कप सामान्य पानी, आधा कप ताजा नींबू का रस, दो चम्मच शहद और एक चुटकी नमक मिलाएं, फिर बच्चों को इसका सेवन करवाएं।

स्ट्रॉबेरी और नारियल पानी की ड्रिंक

इसके लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर के जार में तीन कप नारियल पानी, एक कप स्ट्रॉबेरी, एक कप पानी, आधी छोटी चम्मच सी सॉल्ट और दो बड़ी चम्मच शहद या फिर मेपल सिरप डालकर सभी चीजों को अच्छे से ब्लेंड कर दें। इसके बाद बच्चों को यह पेय पदार्थ गिलास में डालकर परोसें। स्ट्रॉबेरी और नारियल के पानी से बनाई गई कई ऐसे विटामिन्स और मिनरल्स से युक्त है, जो बच्चों के लिए जरूरी हैं।

कीवी का जूसः कीवी विटामिन–सी, डाइटरी फाइबर और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण का बेहतरीन स्त्रोत है, इसलिए बच्चों के लिए कीवी के जूस का सेवन करना भी लाभदायक है। कीवी का जूस बनाने के लिए सबसे पहले दो से तीन कीवी को धोकर काट लें और इन्हें आधा गिलास पानी, पुदीने के कुछ पत्तों, अदरक के रस, स्वादानुसार शहद और चुटकी भर काले नमक के साथ मिक्सर में डालकर अच्छे से पीसें। इसके बाद छलनी से जूस को गिलास में छानकर बच्चों को पिलाएं।

क्या आप जानते हैं?

न्यजबाइट्स प्लस (बोनस इंफो)

ध्यान रखें कि बच्चों को कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, कैफीन पेय पदार्थ, पैकेज्ड फलों का रस, पैकेज्ड स्मूदी या फिर शेक आदि का सेवन करवाना गलत है क्योंकि इनसे बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है और वह कई बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

# श्वेता तिवारी की दिलकश अदाओं ने लूटा फैंस का दिल

टेलीविजन जगत की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों और वीडियो के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। इंडियन, वेस्टर्स, फ्यूजन कोई भी ड्रेस हो, श्वेता का ग्रेस एवं चार्म देखकर प्रशंसक उनपर फिदा हो जाते हैं। अब एक बार ट्रेडिशनल ऑउटफिट में श्वेता तिवारी के नए फोटोशूट



की फोटोज ने प्रशंसकों को इंप्रेस कर दिया है।

वही श्वेता तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने नवीनतम फोटोशूट की कई सारी फोटोज साझा की हैं। तस्वीरों में श्वेता तिवारी बेज एवं ब्रॉन्ज कलर के हैवी एम्ब्रायडरी वाले लहंगा–चोली में दिखाई दे रही हैं। डीप नेकलाइन ब्लाउज एवं लहंगे में श्वेता अपने एब्स भी फ्लॉन्ट करती हुई देखी जा सकती हैं। श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को स्मोकी ब्राउन आई मेकअप, न्यूड ब्राउन लिपस्टिक तथा ग्लॉसी बेस के साथ पूरा किया है।

वही श्वेता तिवारी अपनी प्रत्येक तस्वीर में अलग–अलग पोज में जलवे बिखेरते हुए दिखाई दे रही हैं, कभी बैठकर तो कभी खड़े होकर, प्रत्येक तस्वीर में श्वेता के स्टाइल और ग्रेस का जवाब नहीं है। श्वेता तिवारी के इस अवतार को देख प्रशंसक फिदा हो रहे हैं। अभिनेत्री की फोटोज को अब तक लाखों प्रशंसक लाइक कर चुके हैं तथा कमेंट सेक्शन में श्वेता तिवारी की सुंदरता एवं अदाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। मगर इन सबमें सबसे खास प्रशंसा अभिनेत्री की बेटी पलक तिवारी की है। पलक तिवारी ने अपनी मां की तस्वीर के कमेंट सेक्शन में उनको ब्यूटी चैन, स्टाइल आइकन, लीजेंड बिहेवियर बताकर प्रशंसा की है।




# अक्षय ने किया बच्चन पांडे की रिलीज डेट का ऐलान, होली पर आएगी फिल्म



अभिनेता अक्षय कुमार की कई फिल्में लाइन में लगी हैं। जिस फिल्म को लेकर दर्शकों की निगाहें सबसे अधिक टिकी हैं, उसका नाम है बच्चन पांडे। फिल्म से अक्षय के लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। तभी से फैंस के साथ–साथ फिल्म समीक्षक इसकी रिलीज डेट की राह देख रहे थे। अब अक्षय ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। फिल्म इस साल होली के मौके पर 18 मार्च को आएगी।

अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा इस होली को आ रही है। साजिद नाडियाडवाला की बच्चन पांडे 18 मार्च, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस अभिनेता ने फिल्म का नया पोस्टर भी शेयर किया है। इसमें अक्षय काले रंग का चश्मा, पगड़ी और बंदूक थामे हुए नजर आए हैं। उनका लुक वाकई में कमाल का लग रहा है।

फिल्म को साजिद प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान फरहाद सामजी ने संभाली है। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि यह फिल्म चार मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले यह फिल्म 26 जनवरी को रिलीज होने वाली थी। कोरोना वायरस की महामारी के कारण फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई थी। बच्चन पांडे में जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और पंकज त्रिपाठी भी दिखेंगे।

हाउसफुल 4 के बाद अक्षय और कृति सैनन दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी को फिर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय इस फिल्म में उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले गैंगस्टर बच्चन पांडे के रोल में नजर आएंगे। वह फिल्म में अवधी टच वाली हिन्दी बोलते हुए दिखेंगे। इसके लिए वह ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। वहीं, कृति एक पत्रकार की भूमिका में अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी।

बच्चन पांडे का करण मल्होत्रा की फिल्म शमशेरा से क्लैश होगा। शमशेरा भी 18 मार्च को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यशराज बैनर के साथ रणबीर की यह तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 2 से भी बच्चन पांडे को टक्कर मिलने वाली है। फिल्म 25 मार्च को दर्शकों के बीच आने वाली है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन लीड रोल में हैं। अनीस बाज्मी ने फिल्म का निर्देशन किया है।

अक्षय फिल्म पृथ्वीराज में मुख्य भूमिका में हैं। उन्हें फिल्म राम सेतु में जैकलीन फर्नांडिस व नुसरत भरूचा के साथ देखा जाएगा। वह फिल्म रक्षाबंधन में भी दिखने वाले हैं। फिल्म ओह माय गॉड 2 भी अक्षय के खाते से जुड़ी है। वह बेल बॉटम के निर्माता जैकी भागनानी की दूसरी फिल्म सिंड्रेला का भी हिस्सा हैं। वह जल्द ही प्रियदर्शन की एक फिल्म में भी नजर आ सकते हैं।

# बालकृष्ण की अखंड ने सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक पूरे किए 50 दिन




निदेशक बोयापति श्रीनु की अखंड ने सिनेमाघरों में 50 दिनों की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यूनिट के करीबी सूत्रों ने दावा किया कि फिल्म ने 103 केंद्रों में यह उपलब्धि हासिल की है। बालकृष्ण की किसी फिल्म के लिए अब तक के सबसे बड़े बजट में बनी अखंड ने 200 करोड़ रुपये का जोरदार बिजनेस किया है।

निर्देशक बोयापति श्रीनु और बालकृष्ण का संयोजन सफल साबित हो रहा है क्योंकि यह लगातार दोनों की तीसरी ब्लॉकबस्टर है, अन्य दो ब्लॉकबस्टर सिम्हा और लीजेंड हैं।

निर्माताओं का दावा है कि अखंड ने न केवल निर्माता बल्कि सभी वितरकों को भी भारी मुनाफा दिया है। विदेशों में भी यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसने हाल ही में अमेरिका में मिलियन–डॉलर का आंकड़ा छुआ है।

अखंड, जिसमें प्रज्ञा जायसवाल ने मुख्य भूमिका निभाई है, में श्रीकांत को प्रतिपक्षी और जगपति बाबू को एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाया गया है। इसमें थमन का संगीत और सी राम प्रसाद का छायांकन है।

# लेदर के फर्नीचर की सफाई करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां



लेदर का फर्नीचर तभी लंबे समय तक ठीक रह सकता है, जब उसकी सफाई बेहतर तरीके से की जाए। हालांकि, कई लोगों से लेदर के फर्नीचर की सफाई करते समय अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिनकी वजह से मेहनत से की गई सफाई पर न सिर्फ पानी फिर सकता है बल्कि लेदर का फर्नीचर भी खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको ऐसी ही कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

लेबल के अनुसार सफाई न करनाः अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपका लेदर का फर्नीचर जल्दी खराब हो तो इस पर लगे लेबल के दिशानिर्देशों के अनुसार ही इसकी साफ–सफाई करना सुनिश्चित करें। दरअसल, लेबल पर लिखी जानकारी आपके लेदर के फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, अगर आपके फर्नीचर पर कोई लेबल लगा हुआ नहीं है तो जहां से आपने उसे खरीदा है वहीं से इसकी सफाई से संबंधित जानकारी लें।

सिर्फ पानी का इस्तेमाल करना है गलतः कई लोग लेदर के फर्नीचर की सफाई के लिए पानी का इस्तेमाल करते हैं, जो कि गलत है। दरअसल, पानी से लेदर का फर्नीचर बहुत जल्दी खराब हो सकता है, इसलिए अगर आपने हाल ही नया लेदर का फर्नीचर लिया है तो ऐसी गलती न करें। बेहतर होगा कि आप पानी की जगह लेदर क्लीनर से अपने लेदर के फर्नीचर को साफ करें। यह न सिर्फ आपके लेदर के फर्नीचर को साफ करेगा बल्कि उनमें चमक भी बनाए रखेगा।

हार्ड ब्रश पहुंचा सकता है नुकसानः रोजाना लेदर के फर्नीचर की धूल–मिट्टी को साफ करना जरूरी है, लेकिन डस्टिंग के लिए हार्ड ब्रश का इस्तेमाल करना सबसे बड़ी गलती है क्योंकि हार्ड ब्रश से लेदर के फर्नीचर पर खरोंच लग जाती है और फर्नीचर बेकार दिखने लगता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप लेदर के फर्नीचर को साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश का ही इस्तेमाल करें। अगर आपके पास सॉफ्ट ब्रश न हो तो आप एक मुलायम कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं।

धूप में लेदर के फर्नीचर को रखना है गलतीः अगर आप अपने लेदर के फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखना चाहते हैं तो उसको धूप की पहुंच से दूर रखें क्योंकि धूप के प्रभाव से फर्नीचर का रंग हल्का पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, धूप के प्रभाव से लेदर के फर्नीचर में क्रैक्स आने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए लेदर के फर्नीचर को धूप में रखने से बचें और इसके साथ ही लेदर के फर्नीचर की रोजाना कंडीशनिंग करें।